तापमान
अधिकतम 39.4 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 11 मई 2024



11 पटवारी ने फसल का अनावारी ऑनलाइन नहीं किया, किसानों को हो रही परेशानी



11 अक्षय तृतीया पर बच्चों ने रचाया पुतरा-पुतरी का विवाह













## खबर संक्षेप

### काव्य गोष्ठी कल

भिलाई। रविवार को जीई रोड़ गंजपारा कमला मोटर्स दुर्ग में कहानिका के संपादक श्याम कुँवर भारती की उपस्थिति में काव्य गोष्ठी आयोजित है। कवि नरेंद्र शक्ति ने कवियों से काव्यपाठ की अपील की है।

### एक मुश्त टैक्स पटाने वालों को मिलेगी छूट




**भिलाई।** निगम भिलाई ने अपने क्षेत्र के करदाताओं को सुविधा प्रदान करते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 का एक मुश्त संपत्तिकर की राशि मई माह में जमा करने पर 6.25 प्रतिशत की छूट प्रदान करने का घोषणा किया है। करो का भुगतान आनलाईन करने हेतु हिन्दी एवं अंग्रेजी में वेबसाईट भी उपलब्ध है। निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर संपत्तिकर विभाग ने निगम क्षेत्र के भवन मालिको की सुविधा के लिए वेबसाईट लॉच किया है, जिसमें संपत्तिकर बटन पर क्लीक करने पर संपत्तिकर में रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर पर ओटीपी आयेगा, ओटीपी डालने पर संपत्तिकर का विवरण, डिमांड नोट आदि की जानकारी प्राप्त होगी। भुगतान में क्लीक करने पर विकल्प के रूप में क्रेडिट, डेबिट, नेटबैंकिग, यूपीआई पूछा जायेगा जिस पर क्लीक करने पर भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण होगी। साथ ही वेबसाईट से ही भुगतान की रसीद जनरेट होगी, जिसे भवन मालिक प्रिंटकर सुरक्षित रख सकते है। निगम के मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय में भी संपत्तिकर जमा करने के लिए काउन्टर है।

### आयोजन : पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय ने किया अनावरण

# खुर्सीपार में भगवान परशुराम की विशालकाय प्रतिमा का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भगवान परशुराम जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर शुक्रवार को संध्या खुर्सीपार में उनकी विशालकाय प्रतिमा का अनावरण हुआ। प्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय एवं अतिथियों के करकमलों से शुक्रवार को परशुराम की विशाल प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम के पश्चात परशुराम चौक से न्यू खुर्सीपार परशुराम धाम तक शोभायात्रा का भी आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण किया।

पूर्व विस अध्यक्ष पाण्डेय ने कहा कि अक्षय तृतीया है और भगवान परशुराम का जन्मदिवस है। उन्होंने भगवान परशुराम की कथा का उल्लेख करते हुए बताया कि एक बार इनके पिता ने इनकी माता की हत्या करने के लिए कहा और भगवान परशुराम ने अपनी माता की हत्या कर दी। तो पिता ने उनसे कहा कि कोई वर मांगों तो परशुराम ने वर मांगते हुए कहा कि आप मेरी माता को जिंदा कर दें। इस तरह भगवान परशुराम ने पितृ भक्ति और मातृ भक्ति दोनों का परिचय दिया। उन्होंने हमेशा ज्ञान की शक्ति के बारे में बताया कि ज्ञान देना और ज्ञान लेना ये हमारा मूल धर्म और ज्ञान की शक्ति आज से पुरातन काल में भी उतनी ही महत्वपूर्ण थी, आज भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।





### कार्यों का हुआ है वर्गीकरणः पांडेय

श्री पाण्डेय ने कहा कि आज भी काम करने वालों का वर्गीकरण चार ही वर्ग में है। क्लास वन अफसर, क्लास टू अफसर, क्लास थ्री एम्पलाई और क्लास फोर एम्पलाई, इन चार के अलावा कोई वर्ग है क्या? चार ही वर्ग में आज सारे कार्यों का वर्गीकरण हुआ है और अपने यहां चार का तो बहुत महत्व है। उसमें जाएंगे तो चार धर्म हैं, चार वर्ण हैं, चार आश्रम है। इन चार हमारे तन, मन, बुद्धि, आत्मा है, चार हमारे कर्तव्य हैं। यह भिलाई जो लघु भारत है, जहां देश के कोने कोने से हम सब के पिता लोग यहां अपने मेहनत पसीने से इस भिलाई स्टील प्लांट को खडा किया और इस भिलाई के कारण पूरे राज्य ने देश की आर्थिक शक्ति में बड़ा योगदान देने का कार्य भिलाई ने किया जो श्रम शक्ति का संगठित करके उसमें भी आज के युग में जो इकोनोमी युग चल रहा है, जो अर्थ युग चल रहा है। श्री पाण्डेय ने कहा कि ज्ञान की शक्ति को कभी भी कहीं कोई नकार नहीं सकता। दुनिया में हमारे तमाम अंगों का प्रत्यारोपण बताया दिया गया है, लेकिन बुद्धि का अभी तक प्रत्यारोपण करते हुए किसी ने नहीं देखा। ब्राह्मणत्व का मतलब है सत्य के लिए साहस रखना। ब्राह्मणत्व का मतलब है वेद भी है। लोग आपके चरणों में ऐसे नहीं आते हैं, चरण में तब आते हैं जबकि आचरण आपका वैसा चरण आचरण होगा। लोग चरण में आ जाते हैं और इसलिए हमारे पूर्वजों के चरणों में बड़े बड़े राजा जो भिक्षाटन करते थे, उनके चरणों में अपनी अगर पगडी रखते थे तो उनका आचरण ऐसा था। उनके पास ज्ञान की शक्ति वैसी थी और आज भी ज्ञान की शक्ति की महत्ता को कोई दुनिया में कम नहीं कर सकता। कार्यक्रम को वित्त आयोग निगम के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र पाण्डेय ने भी संबोधित किया।

### संकल्प हुआ पूरा

पार्षद एवं परशुराम सेवा समिति के संयोजक पीयूष मिश्रा ने बताया कि एक वर्ष पूर्व सर्व ब्राम्हण समाज द्वारा परशुराम जन्मोत्सव के दिन ही खुर्सीपार आईटीआई के पीछे परशुराम चौक की स्थापना की गई थी, साथ ही यहां पर भगवान की विशालकाय प्रतिमा लगाने का संकल्प लिया गया था। जिसके पश्चात इस वर्ष यहां पर भगवान परशुराम की विशालकाय प्रतिमा का आज भव्य रूप से अनावरण किया गया। इस दौरान श्रद्धालओं के साथ परशुराम धाम न्यू खुर्सीपार के लिए शोभायात्रा निकाली गई, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं से प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मंच पर विशेष रूप से शिक्षाविद आईपी मिश्रा, राममिलन दुबे, प्रभुनाथ मिश्रा, यूके दीक्षित, भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनीष पाण्डेय, विजय शर्मा, मधुसूदन शर्मा, डॉ. दीप चटर्जी, केके झा आदि उपस्थित थे।

### घटना सेन्ट्रल एवेन्यू सेक्टर-1 की

# कार की चपेट में आई दो महिला आरक्षक, घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

तेज रफ्तार कार की चपेट में दो महिला आरक्षक के आने से दोनों को शरीर पर गंभीर चोट आई है। मामले में पुलिस ने धारा 308, 279, 337 के तहत कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।

भठ्ठी पुलिस ने बताया कि सेक्टर-1 स्थित सेंट्रल एवेन्यू पर गुरुवार देर रात सीआईएसएफ की दो महिला आरक्षक कश्क जैसवाल और भाग्य कलीता दोनों अपनी स्कूटी एएस 13 एम 7004 में सवार होकर सेक्टर 1 मार्केट जाने के लिए निकली थी। इस दौरान कार स्कोडा सीजी 04 एलजी 7890 के चालक ओवरटेक करते हुए स्कूटी सवार आरक्षकों को जोरदार ठोकर मार दी। घटना में दोनों गंभीर रुप से घायल हो गए। ठोकर इतना जोरदार था कि दोनों महिला आरक्षक काफी दूर गिर पड़ी थी। घटना की खबर लगते ही सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी अपनी टीम के साथ पहुचे थे। उपचार के लिए सेक्टर 9 अस्पताल उपचार के लिए भेजा गया। घायल दोनों आरक्षक हॉस्टल से लौट रही थी। घायल सीआईएसएफ की महिला

■ दोनों सीआईएसएफ में पदस्थ है

आरक्षक कश्क जैसवाल, भाग्य कलीता अपनी कंपनी यूनिट सेक्टर 3 से निकली थी। जोरदार टक्कर मारने के बाद कार चालक ने महिला आरक्षकों की स्कूटी सड़क किनारे लगे लोहे के डिवाइडर से टकरा गई।

घटना में महिला आरक्षक कश्क जायसवाल के सिर समेत शरीर पर और भाग्य कलीता के पैर, हाथ पर गंभीर चोटे आई है। स्कूटी को टक्कर मारने के बाद कार भी डिवाइडर के रेलिंग से टकरा गई। भठ्ठी पुलिस मौके से भाग निकले कार चालक को हिरासत में ले लिया है। भट्ठी थाना प्रभारी विपिन रंगारी ने बताया कि कार चालक के खिलाफ धारा 308 के तहत गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

# महिला से ठगी, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पार्ट टाइम जॉब के नाम पर महिला से ठगी करने का मामला सामने आया है।

पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि विद्युत नगर सड़क नंबर 5 पद्मनाभपुर निवासी पूजा सिंह से मोबाईल धारक ने पार्ट टाईम जब दिलाने के नाम पर 96 हजार 624 रुपए का ठगी किया। पूजा सिंह मोबाईल पर आनलाईन मैसेज आया था। जिसमें पार्ट टाईम जॉब का ऑफर कंपनी के एजेंट के माध्यम से ,टेलीग्राम खाता दामोदर दास 166 यूजर नाम पारेख 166 के माध्यम से आया था। जिससे में प्रभावित होकर महिला ने पार्ट टाईम डॉब करने की मंशा से एजेंट की बातो पर आ गई। इसके बाद कंपनी के द्वारा महिला से प्रोसेसिंग फीस के नाम पर रुपए का डिमांड किया गया। पीड़िता अपने खाते पंजाब नेशनल बैंक शाखा रायपुर के माध्यम से कंपनी में ऑनलाइन पहले 84 हजार 700

■ पदमनाभपुर थाना का मामला

रुपए ट्रांसफर कराया। इसके बाद दोबारा 11 हजार 924 रूपये ट्रांसफर किया गया। रुपए ट्रांसफर होने के बाद भी महिला को कंपनी के द्वारा पार्ट टाईम जॉब नहीं लगाया गया। कंपनी द्वारा दिए गये ऑन लाईन लिंक , मोबाईल नंबर में शिकायत कर रकम लौटाने निवेदन किया था।

# दैहिक शोषण के मामले में आरोपी को 20 साल सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

किशोरी के साथ दैहिक शोषण करने के मामले में दुर्ग न्यायालय ने आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम का कारावास की सजा सुनाई है। अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ एफटीसी श्रीमती संगीता नवीन तिवारी की कोर्ट ने आरोपी उमेश कुमार लेझारे को धारा 366 के तहत 3 वर्ष सश्रम कारावास, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 6 के तहत 20 वर्ष सश्रम कारावास और 5 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। मिली जानकारी के मुताबिक किशोरी 17 साल की जान पहचान आरोपी ग्राम धनगांव डोंगरगढ़ राजनांदगांव निवासी उमेश कुमार लेझारे से थी। आरोपी ने 26 सितंबर 2022 को किशोरी को बहला फुसला कर उसे शादी का प्रलोभन देकर ग्राम ढोकला में लेकर गया। आरोपी ने किशोरी को रायगढ़ में अपने मित्र के घर में ले जाकर रखा था। उसके साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा। विशेष लोक अभियोजक संतोष कसार ने बताया कि 26 सितंबर 2022 को मजदूरी के काम पर निकली किशोरी जब घर नहीं पहुंची। परिवार वालों ने थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी।

### जेके कंस्ट्रक्शन पर चेतावनी भी हुई बेअसर

# विकास कार्य की धीमी गति से नाराज आयुक्त ने ठेकेदार को दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

चेतावनी के बाद भी निर्माण कार्य धीमी गति से करने पर आयुक्त मोनिका वर्मा नाराजगी जाहिर की। उन्होंने जेके कंस्ट्रस्शन को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। आयुक्त मोनिका ने शुक्रवार को निगम क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण की। दरअसल जेके कंस्ट्रस्शन को समय सीमा में कल्याणी मंदिर के सामने चल रहे सामुदायिक भवन निर्माण कार्य को पूर्ण करने निर्देश निगम ने जारी किया था। निरीक्षण के दौरान खुलासा हुआ कि जिस गति से निर्माण कार्य चल रहा है। वह मानसून के पहले पूरा नहीं हो सकता। इसे देख आयुक्त ने लापरवाह ठेकेदार को नोटिस जारी करने निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त वार्ड 30 , स्टेशन मरोदा और नेवई में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण की।



### कर्मा माता चौक का काम लगभग पूरा

आयुक्त मोनिका मार्निग विजिट में पहले वार्ड 30 लक्ष्मी नगर पहुंची। यहां 20 लाख की लागत से कर्मा माता चौक का निर्माण किया जा रहा है। आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान कार्य को 15 जून से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### वेस्ट मटेरियल से बनाए शेड

इस बीच आयुक्त टंकी मरोदा एस एल आर एम सेंटर पहुंची। कचरा अलग अलग करने स्वास्थ्य विभाग ने शेड निर्माण की आवश्यकता पर जोर दिया। आयुक्त ने हर डिमांड के लिए पैसे खर्च करने बल न देकर जुगाड से शेड बनाने कहा। उन्होंने कहा कि कार्यालय में रखे पुराने पाइप और टीन शेड का उपयोग कर शेड बनाया जाए।

### बिलासपुर से दुर्ग आने वाले ट्रेनों को साफ करने में लगता है 45 मिनट

# दुर्ग में नहीं नवा रायपुर केंद्री में बनेगा कोचिंग डिपो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ट्रेनों की साफ सफाई रख रखाव मरम्मत अब रेलवे ने केंद्री स्टेशन में कोचिंग डिपो बनाने की तैयारी की है। इससे ट्रेनों की सफाई और बेहतर होने लगेगी। मिली जानकारी के मुताबिक राजधानी के मुख्य स्टेशन में मंडल की गाड़ियों को खड़ी करने और साफ-सफाई के लिए जगह नहीं है। वर्तमान में ट्रेनों की मरम्मत व रखरखाव दुर्ग और बिलासपुर डिपो में होता है। इसके अलावा मंडल की कुछ ट्रेने दुर्ग से रायपुर आती हैं। मंडल में कोचिंग डिपो बनाने को लेकर लंबे समय से जगह खोजी जा



रही है। इस कारण केंद्री स्टेशन में कोचिंग डिपो बनाने की तैयारी चल रही है। आने वाले समय में इसी मंडल की ट्रेन मुख्य स्टेशन के लिए रवाना होगी। नवा रायपुर के केंद्री में स्टेशन बनकर तैयार हो चुका है। रायपुर स्टेशन से रवाना होने वाली गरीब रथ और सिकंदराबाद एक्सप्रेस रायपुर मंडल की ट्रेन है। वर्तमान में ट्रेन के रायपुर पहुंचते ही प्लेटफार्म में ही सफाई होती और पानी भरकर रवाना किया जाता है। कोचिंग डिपो बनाने के बाद मंडल की इन ट्रेनों की सफाई और बेहतर होने लगेगी। इसके अलावा केंद्री में डिपो बनने से मंडल की जो ट्रेन दुर्ग से रायपुर आती है। अब वह सीधे केंद्री स्टेशन पहुचेगी। दुर्ग से रायपुर आने में ट्रेनों को 45 मिनट का समय लगता है। जबकि केंद्री से रायपुर आने में 20 से 25 मिनट लगेगा। केंद्री से ट्रेन रवाना होगी, तो उस रूट के यात्रियों को भी लाभ मिलेगा। इस दौरान डीसीएम राकेश सिंह ने बताया कि प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। केन्द्री में बनेगा कोचिंग डिपों।

### प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है

कोचिंग डिपो बनाने को लेकर तैयारी चल रही है। प्रस्ताव बनाकर जोन मुख्यालय भेजा गया है। वहां से मंजूरी मिलने के बाद तेजी से काम किए जाएंगे। नवा रायपुर में ट्रेनों का परिचालन शुरू होने पर साल भर का समय और लग सकता है। यहां 50 प्रतिशत ही स्टेशन का निर्माण कार्य हुआ है। नवा रायपुर समेत तीन अन्य स्टेशनों का निर्माण कार्य 2020 तक एनआरडीए को पूरा कर रेलवे को देना था। लेकिन फंड की कमी और एजेंसी की लेटलतीफी के कारण यह प्रोजेक्ट हर साल पिछड़ता चला गया। केंद्री का रेलवे स्टेशन रेलवे को करना था। जिसे रेलवे ने पूरा कर लिया है।

# सड़क पर डम्प किये मलवे को निगम कर रहा है जब्त

**भिलाई।** निगम क्षेत्र में सड़क किनारे बेतरतीब रखे भवन से निकले निर्माण मलवा को निगम द्वारा जप्ती की कार्यवाही की जा रही है। ताकि लोग दुर्घटना का शिकार न हो और शहर की गंदगी साफ हो। निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर कार्रवाई किया जा रहा है। भवन मालिकों द्वारा अपने निर्माणधीन भवन अथवा पुराने भवन को तोड़कर उससे निकलने वाले मलवा को सड़क किनारे अथवा गली मोहल्ले में ढेर लगाकर छोड़ देते है जिससे रात में वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो जाते है। उक्त ढेर शहर की साफ-सफाई में भी बड़ा बाधक रहेता है। जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।


## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

7987328736, 7489348301

ISPAT_BHOOMI_11_2024-02_Layout 1 5/11/2024 12:18 AM Page 1



# छह सीटों की मतगणना दुर्ग, तीन की साजा, बेमेतरा व नवागढ़ मुख्यालय में होगी

## मतदान के बाद आगामी चार जून को होगी मतगणना, तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

लोकसभा चुनाव के निपटने के बाद जिला निर्वाचन आयोग मतगणना कार्य में जूट गया है। आगामी चार जून को भिलाई शंकराचार्य कालेज में मतगणना कार्य किया जाएगा। जिसमें दुर्ग विधानसभा के छः सीटो के लिए मिल मत की गणना शंकराचार्य में होगा, वही साजा, बेमेतरा और नवागढ सीट की गणना वही के मुख्यालय में होगा। हांलाकि सभी नौ सीट में डाले गए पोस्टल बैलेट की गणना शंकराचार्य भिलाई में किए जाने की तैयारी है।

उल्लेखनीय है कि, लोकसभा चुनाव विगत सात मई को संपन्न किया गया। दुर्ग संसदीय क्षेत्र के 2223 मतदान केन्द्र और 36 सहायक केन्द्र में मतदान किए गए। जिला निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव संपन्न कराए जाने के बाद मतगणना कार्य की तैयारियां शुरू कर दी गई है। जानकारी अनुसार पाटन के 246 दुर्ग ग्रामीण 227 दुर्ग शहर 215 भिलाई नगर 167 वैशालीनगर 242 अहिवारा 259 केन्द्रों में मतदान कराए गए है। इन सभी सीट की मतगणना शंकराचार्य कालेज भिलाई में होगा। जबकि साजा के 302 बेमेतरा 267 और नवागढ 298 बूथों की गणना तीनों मुख्यालय में होगा। सिर्फ पोस्टल बैलेट की गणना दुर्ग में होगी।

### बीआईटी में कराए जाएगा प्रशिक्षण

मतगणना के प्रशिक्षण के संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, मतगणना सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, प्रत्येक विधानसभा हेतु 02 मास्टर ट्रेनर एवं जिले के टेबुलेशन प्रभारी अधिकारी (एआरओ) 1, पोस्टल बैलेट नोडल अधिकारी 1, ईवीएम नोडल अधिकारी 1, सुरक्षा नोडल अधिकारी 1 एवं प्रोग्रामर 1 के लिए मतगणना प्रशिक्षण संभाग मुख्यालयों में आयोजित किया गया है। दुर्ग जिले के 53 और बेमेतरा जिले के 25 प्रशिक्षणार्थियों के लिए प्रशिक्षण 16 मई को प्रातः 10 बजे से बीआईटी ऑडिटोरियम में आयोजित की गई है। रिसोर्स पर्सन गीता दीवान एनएलएमटी, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रूपेश कुमार वर्मा एवं रश्मि वर्मा, सहायक प्रोग्रामर छाया साहू रहेगी। प्रशिक्षण कार्य के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अश्वनी देवांगन को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सहायक नोडल अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा को नियुक्त किया गया है।




### अधिकारियों को दिया गया दायित्व

सम्पूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम के सुचारू संपादन के लिए बीआईटी प्राचार्य को प्रशिक्षण स्थल बीआईटी ऑडिटोरियम का दायित्व दिया गया है। सत्कार अधिकारी को सर्किट हाउस में आवश्यकतानुसार ठहरने की व्यवस्था संबंधित प्रशिक्षणार्थियों को सूचना एवं समन्वय कार्य के लिए, सामग्री व्यवस्था के लिए सहायक ग्रेड 3 कृष्ण कुमार देवांगन, करारोपण अधिकारी प्रकाश साहू, सहायक ग्रेड 2 उत्तम साहू, तकनीकी व्यवस्था के लिए जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी एलबी सिंह, सहायक प्रोग्रामर छाया साहू, ई डिस्ट्रीक्ट मैनेजर अग्रवाल, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) को बैठक व्यवस्था, खाद्य नियंत्रक सीपी दीपांकर को भोजन व्यवस्था, ईवीएम, वीवीपैट व्यवस्था तथा प्रशिक्षण हेतु नोडल अधिकारी लवकेश ध्रुव को दायित्व सौपा गया है।

## खबर संक्षेप

### महापौर धीरज ने होनहार बच्चों को सराहा

दुर्ग। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10वीं, 12वीं बोर्ड परीक्षा के जारी नतीजे में दुर्ग शहर एवं जिले के होनहार बच्चों ने टाप किया है।दुर्ग नगर पालिक निगम के महापौर धीरज बाकलीवाल ने



इन बच्चों सहित परीक्षा में सफल अन्य बच्चों को सराहा और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। महापौर ने कहा कि टाप टेन में शामिल बच्चों ने सिर्फ शहर व जिले में ही नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में दुर्ग जिले का मान बढाया।उन्होंने 10वीं-12वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम पर सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने होनहारों बच्चो के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।और उन्होंने असफल विद्यार्थियों से निराश नहीं होने एवं निरंतर मेहनत करते रहने की बात कही।उन्होंने ये भी कहा कि जिन विद्यार्थियों का प्रदर्शन संतोषपूर्ण नहीं रहा उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है।जीवन में खुद को साबित करने अनेक मौके मिलेंगे।

### पुलगांव वृद्धाश्रम में किया गया स्वास्थ्य परीक्षण




दुर्ग। विश्व रेड क्रॉस के उपलक्ष्य में थीम ₹कीपिंग ह्यूमैनिटी अलाइव₹ के अंतर्गत पुलगांव स्थित वृद्धाश्रम में वरिष्ठजनों का जिले के स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें 20 वृद्धजनों ने स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का लाभ लिया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान चिकित्सकों द्वारा वृद्धजनों को आम, केला इत्यादि फलों का वितरण भी किया गया। इस सेवा अवसर पर जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन सह अधीक्षक डॉ हेमंत साहू, प्रबंधक दीपक चापरिया, रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रबंध कार्यकारिणी एवं जीवन दीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर, मानद सदस्य प्रशांत डोंगावकर एवं धीरज इंगले की गरिमामय उपस्थिति थी।

## जिले के 50 अहाता दुकानों से खजाने में हर साल आएंगे साढ़े बारह करोड़

# टीपी नगर भिलाई की शराब भट्टी के लिए लगी पौने 45 लाख की बोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला प्रशासन द्वारा जिले के 53 शराब भट्टी में आहता आबंटन के लिए आनलाइन नीलामी की गई। जिले के महंगी शराब भट्टियों में आहता चलाने के लिए व्यापक संख्या में गद्दीदारों ने रूचि दिखाई है। जिला प्रशासन द्वारा शुक्रवार को कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में आहता के आबंटन की प्रक्रिया पूरी कर दी गई है। इस दौरान सबसे अधिक बोली टीपी नगर भिलाई के लिए 44 लाख 75 हजार रूपए लगाए गए। काफी गहमागहमी के बीच निविदाकारों की मौजूदगी में आहता आबंटन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। जिले के पचास आहता की नीलामी से विभाग को हर साल साढे बारह करोड रूपए का राजस्व मिलेगा।

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए दुर्ग जिले की कुल 53 देशी, विदेशी, कम्पोजिट मदिरा दुकानों के लिए ऑनलाईन माध्यम से निविदा आमंत्रित की गई थी। आहता के लिए 12 अप्रैल 2024 से 25 अप्रैल 2024 तक विभिन्न निविदा दाताओं द्वारा ऑनलाईन निविदा प्रकिया से जिले के 53 अहातों के लिए कुल 310 निविदाएं प्राप्त हुए। इन निविदाओं में से 309 निविदाए पात्र पाई गई तथा एक निविदा जो कि विदेशी मदिरा दुकान जेवरा सिरसा के लिए प्रस्तुत की गई थी, जो तकनीकी कारणों से निरस्त की गई। अफसरों ने बताया कि, पैन कार्ड संलग्नल न होने के कारण निरस्त की गई। उल्लेखनीय हैं कि, शराब दुकानों के आहता आबंटन करने अप्रैल माह में ही आवेदन लिए गए थे। लेकिन लोकसभा चुनाव के चलते आचार संहिता प्रभावी होने के कारण आबंटन की प्रक्रिया अटकी रही। शुक्रवार को आबंटन की प्रक्रिया निविदाकारों की उपस्थिति में पूरी कर ली गई हैं।

### तीन दुकानों के लिए एक भी आवेदन नहीं, एक में एकसमान बोली




### तीन निविदाकार चलाएंगे दो-दो दुकानें

इसके अलावा तीन निविदादाताओं को जिले में दो अहातों के लिए उच्चतम बोली प्राप्त होने पर सफल निविदादाता चयनित किया गया। इनमें कम्पोजिट मदिरा दुकान अंजोरा, विदेशी मदिरा दुकान नयापारा तथा देशी मदिरा दुकान धमधा, कम्पोजिट मदिरा दुकान तितुरडीह तथा देशी मदिरा दुकान जुनवानी, कम्पोजिट मदिरा दुकान कोहका तथा देशी मदिरा दुकान जामुल, विदेशी मदिरा दुकान जामुल में अहाता का आवंटन किया गया।

### सबसे ज्यादा ननकट्ठी और तीन के लिए आवेदन नहीं

जिले में सर्वाधिक 16 निविदाएँ देशी, कम्पोजिट मदिरा दुकान ननकट्ठी के लिए प्राप्त हुई तथा कुल 9 दुकानों में एकल निविदा प्राप्त हुई। जिले के देशी मदिरा दुकान अण्डा, देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान पुरैना, विदेशी मदिरा दुकान चरोदा के लिए कोई भी निविदा प्राप्त नहीं हुई। आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त राजेश जायसवाल ने बताया कि, तीन दुकानों का आवेदन नही आया है। ऐसे में इन दुकानों के लिए अलग से निविदा जारी की जाएगी।

### देशी दुकान मरोदा के लिए एक सामान बोली

निविदा प्रक्रिया में सर्वाधिक बोली कम्पोजिट टीपी नगर भिलाई हेतु प्राप्त हुई। जिसकी राशि 4475200 है। साथ ही न्यूनतम बोली कम्पोजिट मदिरा दुकान टीपी नगर सिकोला दुर्ग के लिए लगी। जिसकी राशि 200000 है। जिले की देशी मदिरा दुकान मरोदा के लिए एक समान बोली 16 लाख 83 हजार रूपये क्रमशः दो निविदादाता द्वारा एक समान बोली प्राप्त होने पर मदिरा दुकान सफल निविदादाता का चयन प्रथम आओ प्रथम पाओ के आधार पर किया गया।

### नौ दुकान के लिए एक ही आवेदन

जिले में सर्वाधिक 16 निविदाएँ देशी, कम्पोजिट मदिरा दुकान ननकट्ठी के लिए प्राप्त हुई तथा कुल 9 दुकानों में एकल निविदा प्राप्त हुई। जिले के देशी मदिरा दुकान अण्डा, देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान पुरैना, विदेशी मदिरा दुकान चरोदा के लिए कोई भी निविदा प्राप्त नहीं हुई। सहायक आयुक्त आबकारी राजेश जायसवाल कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में एवं सहायक आयुक्त आबकारी राजेश जायसवाल एवं एन.आई.सी. दुर्ग प्रभारी एल.बी. सिंह तथा निविदा दाताओं की उपस्थिति में ऑनलाईन पद्धति से किया गया।

# मतगणनाः अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी हुए नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतगणना कार्य के सुचारू संपादन हेतु अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी (मतगणना) तथा अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी पोस्टल बैलेट इटीपीबी नियुक्त किये है। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार विधानसभा क्षेत्र 62 पाटन के लिए कार्यपालन अभियंता विद्युत यांत्रिकी लाईट मशीनरी नलकूल दुर्ग रमन लाल गायकवाड़, उप संचालक उद्यानिकी पूजा कश्यप साहू एवं महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र दुर्ग पुकुल राम खंडेलवाल अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किये गये है। विधानसभा 63 दुर्ग ग्रामीण के लिए पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ , जामगांव आर पाटन बी. मुखोपाध्याय, कार्यपालन अभियंता गृह निर्माण मंडल दुर्ग श्री राम ठाकुर एवं उपसंचालक समाज कल्याण विभाग दुर्ग अमित परिहार अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किये गये है। विधानसभा 64 दुर्ग शहर के लिए उपसंचालक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग आर. के. कुर्रे, कार्यपालन अभियंता तांदुला जल संसाधन दुर्ग सुरेश कुमार पांडेय एवं प्राचर्य आई.टी.आई भिलाई टी.एस.तंवर अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किये गये है। विधानसभा 65 भिलाई नगर अतिरिक्त क्षेत्रिय परिवहन अधिकारी दुर्ग स्टालिन लकड़ा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग अजय शर्मा एवं कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा दुर्ग जागेश्वर कुमार अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किये गये है। विधानसभा 66 वैशालीनगर के लिए कार्यपालन अभियंता शिवनाथ मंडल दुर्ग केएल तारम, कार्यपालन अभियंता अधीक्षण अभियंता कार्यालय कार्यालय शिवनाथ मंडल दुर्ग एके हजारी एवं परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना पाटन सुमित गंडेचा अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किये गये है।

### 16 को बीआईटी दुर्ग में उपस्थित होने दिए निर्देश

विधानसभा 67 अहिवारा के लिए सहायक आयुक्त राज्यकर वृत 1 दुर्ग कांति पिसदा, उप संचालक औद्योगिक एवं सुरक्षा दुर्ग आशुतोष पांडे एवं सहायक अभियंता नगर पालिक निगम भिलाई चन्द्रभान परधनिया अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किये गये है। इसी प्रकार पोस्टल बैलेट इटीपीबी मतगणना कार्य के लिये सहायक अभियंता नगर पालिक निगम रिसाली एमपी देवांगन, संयुक्त संचालक कृषि राजेश कुमार राठौर, सहायक अभियंता नगर पालिक निगम भिलाई अजय सिंह गौर, सहायक संचालक उपसंचालक कृषि सुमन कुमार कोर्राम, प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र शैलेन्द्र सिंह, सहायक संचालक छत्तीसगढ़ राज्य बीज एंव कृषि विकास निगम रूआबांधा संतोष कुमार बेहरा, सहायक अभियंता कार्यपालन अभियंता परियोजना क्रियान्वयन इकाई क्रमांक 01 छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण आर. राम मोहन राव, मुकेश कुमार सांकरकर, सहायक अभियंता छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल भिलाई प्रिवेश साहू, सहायक अभियंता नगर पालिक निगम भिलाई चन्द्रभान परधनिया, सहायक नियंत्रक नापतौल एम एल कुंजाम, उप अभियंता कार्यापालन अधिकारी तांदुला जल संसाधन संभाग सुनिल कुमार पंधारे अतिरिक्त सहायक रिटंर्निंग आधिकारी होंगे। इसके अलावा सहायक अभियंता कार्यपालन अभियंता तांदुला जल संसाधन देवनारायण शुक्ला, सहायक संचालक कृषक प्रशिक्षण केन्द्र रूआबांधा प्रमोद कुमार गढ़ेवाल, सहायक अभियंता नगर पालिक निगम दुर्ग जितेन्द्र कुमार सैमया, अधीक्षक महिला एवं बाल विकास विभाग जागेश्वर कौशल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी छत्तीसगढ़ अंत्यावसायी सहकारी वृत्त एवं विकास निगम श्यामल दास, सहायक उपसंचालक हथकरधा राजू कोल्हे, उपअभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संजीव रंजन सिंह एवं प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तुषार त्रिपाठी अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग आफिसर बनाये गये है। उक्त अधिकारियां को 16 मई 2024 को बीआईटी दुर्ग में आयोजित प्रशिक्षण में उपस्थित होने कहा गया है।

# साईं भजनों में झूम उठे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कसारीडीह सिविल लाईन स्थित प्रसिद्ध श्री सांई बाबा मंदिर में गुरुवार की शाम भजनों की धूम मची। इस अवसर पर सप्तक म्यूजिकल गुरप पद्मनाभपुर के गायक कलाकारों की प्रस्तुतियों का श्रद्धालुओं ने देर रात तक आनंद उठाया। श्रद्धालुओं ने श्री सांई बाबा के भजनों, देवी गीतों एवं अन्य धार्मिक गीतों पर नाच गाकर अपनी आस्था का इजहार किया। गायक अमित शर्मा, सुचित्रा चितलांगिया, गौरव बोटके, आद्या तिवारी के भजनों व गीतों की प्रस्तुतियों ने जमकर तालियां बटोरी। भजन संध्या का निर्देशन गुरप के बालकृष्णन नायडू और संचालन कृष्णा अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में बेहतरीन प्रस्तुति के लिए श्री सांई मंदिर समिति द्वारा गायक कलाकारों का शाल श्रीफल से सम्मान कर हौसला अफजाई की गई। आभार




व्यक्त श्री साई मंदिर समिति के सचिव धनेन्द्र सिंह चंदेल ने किया। इस अवसर पर श्री साई मंदिर समिति के अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ, सचिव धनेन्द्र सिंह चंदेल, कोषाध्यक्ष सुजीत गुप्ता, उपाध्यक्ष शिवाकांत तिवारी, प्रचार सचिव सुरेश साहू, कौशल किशोर सिंह,गणेश निर्मलकर,नरेन्द्र राठी,डॉ. सुधीर हिषीकर, संतोष खिरोडकर, नारायण दत्त तिवारी, जयंत खिरोडकर, प्रकाश शिवणकर, श्रीधर भजने, मृणाली समर्थ,सरिता गुप्ता, सारिका शिवणकर के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालू मौजूद रहे।

# उर्स पाक कार्यक्रम के लिए बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

हजरत बाबा सै०अब्दुर्रहमान शाह काबुली रह० अलैह पुराना बस स्टैण्ड दुर्ग मे मई में आयोजित चार दिवसीय उर्स पाक कार्यक्रम की व्यवस्था इत्यादि के संबंध में श्री प्रकाश देशलहरा अध्यक्ष सालाना उर्स पाक कमेटी के निर्देश पर ।। मई को रात्रि 8 बजे दुर्ग ट्रांसपोर्ट कंपनी में सालाना उर्स-पाक कमेटी की अति आवश्यक बैठक आहुत की गई है। समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों की उपस्थिति आवश्यक है।

## हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना 2023 के प्रतिभागीयों के नाम

**सांत्वना पुरस्कार** प्रकाश चंद जैन पिता/पति हिरालाल जैन, जैन भवन रोड भिलाई जिला दुर्ग, कमला कश्यप पिता/पति हंसराज कश्यप, नंदनी चौक बैंक ऑफ बरोदा चन्द्रशेखर आज़ाद नगर सेक्टर 11 वार्ड 39 स्ट्रीट -7 जिला दुर्ग, माया सिन्हा पिता/पति राजेंद्र प्रसाद सिन्हा, पांच रास्ता सुपेला जिला दुर्ग, रविन्द्र कुमार वर्मा पिता/पति तोरणसिंह वर्मा, शिवपुरी जामुल जिला दुर्ग, भरत राम जंघेल पिता/पति बैसाखू राम जंघेल, वार्ड 08 टाटा लाइन कोहका भिलाई जिला दुर्ग, गोविन्द निषाद पिता/पति श्यामरतन निषाद, आजाद चौक वार्ड 18 शिवपुरी जिला दुर्ग, धर्मेन्द्र कुमार साहू पिता/पति स्व. दुलरवा राम, आर्य नगर कोहका भिलाई जिला दुर्ग, मनोज देवांगन पिता/पति स्व. कुम्करण देवांगन, जूनियर हाउसिंग बोर्ड जिला दुर्ग, गिरीश कुमार दिल्लीवार पिता/पति इंदरमन, राम नगर धनोरा दुर्ग जिला दुर्ग, ललिता सोनी पिता/पति छत्रपाल सोनी, एम आई जी 08 कोहका हाउसिंग बोर्ड जिला दुर्ग, सुषमा देशमुख पिता/पति केख्रम देशमुख, पुरानी बस्ती गांधी चौक सुपेला जिला दुर्ग, सिबस राम पिता/पति गुलाब राम, राजीव नगर सुभाष चौक सेक्टर 11 जोन 2 जिला दुर्ग, वीरेंद कुमार शर्मा पिता/पति मुन्नालाल शर्मा, म न 51 सड़क 16 सेक्टर 2 भिलाई जिला दुर्ग, जफ़र मिया सैयद पिता/पति स्व. बाबुमिया सैयद, म न. 7/बी सड़क न. 15 सेक्टर 7 भिलाई नगर जिला दुर्ग, तपन कुमार दास पिता/पति चितरंजन दास, शांति कुंज वार्ड 27 नंदिनी रोड पॉवर हाउस भिलाई जिला दुर्ग, प्रशांत हरने पिता/पति स्व. पुरुषोत्तम हरने, एम.आई.जी. 1/943 एम.पी.एच.बी. जिला दुर्ग, सुशीला साह पिता/पति भुनेश्वर साह, नंदिनी रोड हाउसिंग बोर्ड चौक छावनी भिलाई जिला दुर्ग, किरण अग्रवाल पिता/पति स्व. एम.डी.अग्रवाल, 105 /3 ए मैत्री नगर रिसाली भिलाई जिला दुर्ग, सुरेश सोनी पिता/पति पन्नालाल सोनी, 164 ए मार्केट जिला दुर्ग, कैलाश लिल्हारे पिता/पति स्व. मानिकलाल, प्लाट न. 193 गांधी नगर जिला दुर्ग, भूमिका देवांगन पिता/पति चन्द्रिका प्रसाद, म न. 42 वार्ड न.1 मठपारा जामुल जिला दुर्ग, उत्तमकुमार पिता/पति संतराम, मठपारा सी.एस.ई.बी. चौक जामुल जिला दुर्ग, भारत तुलाराम राउत पिता/पति तुलाराम राउत, प्लाट ए-29 आनंद नगर भिलाई जिला दुर्ग, पूनम चंद साहू पिता/पति स्व. जैधा, एकता नगर धनोरा जिला दुर्ग, अजय कुमार देवांगन पिता/पति हिर्दयलाल देवांगन, म न 1578 सड़क 36 विवेकानन्द कॉलोनी शांति नगर जिला दुर्ग, देवलोक सिन्हा पिता/पति शिवकुमार सिन्हा, कुम्हली जिला दुर्ग, दीपक कुमार वर्मा पिता/पति हेमलाल वर्मा, इंदिरा कॉलोनी मोडल टाउन जिला दुर्ग, शंकर सिंह पिता/पति स्व. छत्तर सिंह, म न. 29/ए. सेक्टर 4 भिलाई जिला दुर्ग, लावण्या चंद्रवंशी पिता/पति नवनिकेतन चंद्रवंशी, शिक्षित नगर चरोदा निलेश कंप्यूटर जिला दुर्ग, जगन्नाथ पारखे पिता/पति भिल्लुजी पारखे, शांतिकुंज सनातन नगर जिला दुर्ग, एम.डी. सर्वर पिता/पति स्व. ए. अज़ीज़, पंचशील नगर चरोदा जिला दुर्ग, प्रवीन हनवत पिता/पति राजसिंह हनवत, न्यू कृष्णा नगर सुपेला जिला दुर्ग, मोरध्वज देशमुख पिता/पति नंदकुमार देशमुख, तिरगा जिला दुर्ग, शारदा पिता/पति स्व. मल्लैया, सेक्टर 2 सड़क न. 21 म न. 3/ए जिला दुर्ग, उषा ताम्रकार पिता/पति भीम ताम्रकार, परदेशी चौक रामनगर जिला दुर्ग, प्रेमलाल वर्मा पिता/पति स्व. पूना राम वर्मा, वर्मापारा रवेलीडीह वार्ड 2 जिला दुर्ग, लक्ष्मी साहू पिता/पति तेजराम साहू, वार्ड न 05 गणेश नगर जामुल जिला दुर्ग, खिलावन प्रसाद साहू पिता/पति कलिराम साहू, नंदकटठी जिला दुर्ग, अशोक कुमार पिता/पति स्व. राम चन्द्र सदारंग, गुरुनानक नगर वार्ड न. 19 स्ट्रीट न 11 राम नगर जिला दुर्ग, श्रवण कुमार पिता/पति स्व. संतराम, विश्व बैंक कॉलोनी भिलाई 3 जिला दुर्ग, संतोष साहू पिता/पति स्व. छत्तरलाल साहू, करंजा भिलाई जिला दुर्ग, नमन शर्मा पिता/पति चम्पेश शर्मा, नंदकटठी जिला दुर्ग, नारायण प्रसाद धुरंधर पिता/पति नेतराम धुरंधर, बजरंगपारा कोहका जिला दुर्ग, पी.के. भट्टाचार्य पिता/पति एस ए. के भट्टाचार्य, राधिका नगर भिलाई जिला दुर्ग, सुनील कुमार सोनवानी पिता/पति स्व. विदेशी राम सोनवानी, पहन्डोर भिलाई 3 जिला दुर्ग, लीलाराम वर्मा पिता/पति स्व. किशन लाल वर्मा, वार्ड न. 21 ब्रम्हदेव चरोदाबस्ती जिला दुर्ग, करन आहूजा पिता/पति मनोज आहूजा, वार्ड न 37 महावीर भवन कैंप 2 भिलाई पॉवर हाउस जिला दुर्ग, भास्कर वर्मा पिता/पति बुल्खूराम वर्मा, पहडोर भिलाई जिला दुर्ग, रोशन लाल चंद्राकर पिता/पति होलेशवर चंद्राकर, भिलाई 03 विश्व बैंक कॉलोनी जिला दुर्ग, सीता राम साहू पिता/पति परसराम साहू, विश्व बैंक कॉलोनी भिलाई 3 जिला दुर्ग, ताम्रध्वज साहू पिता/पति रेखराम साहू, इन्द्रावती नगर आर्य नगर भिलाई जिला दुर्ग, भारती नेताम पिता/पति राजेश्वरी सिंह नेताम, 78 /3 नेहरू नगर जिला दुर्ग, तोशेन्द्र कुमार वर्मा पिता/पति हेमनाथ वर्मा, गाँव ढौर जिला दुर्ग, भारती साहू पिता/पति युवराज साहू, E W S 8\2 कोसानगर वार्ड 03 भिलाई जिला दुर्ग, एम कोरमा राव पिता/पति एस कोरमा, म न 156 /E साईं नगर कैंप 1 भिलाई सुपेला जिला दुर्ग, कृपा राम साहू पिता/पति स्व. भरोसा साहू, वार्ड -17 आज़ाद चौक शिवपुरी जामुल जिला दुर्ग, दशरथ साहू पिता/पति स्व. शंकर साहू, शास्त्री नगर कैंप 1 भिलाई जिला दुर्ग, नवीन कुमार पिता/पति स्व. विलियम फिलिप, वार्ड न. -19 श्रीराम सीटी के पीछे भिलाई 3 पदुमनगर भिलाई चरोदा जिला दुर्ग, पल्लवी साहू पिता/पति विषणु साहू, पॉवर हाउस कैम्प 2 भिलाई जिला दुर्ग, अजय यादव पिता/पति चेतराम यादव, आज़ाद चौक रुवाबाँधा बस्ती जिला दुर्ग, कोमल वर्मा पिता/पति ताम्रध्वज वर्मा, कांट्रेक्टर कॉलोनी सुपेला जिला दुर्ग, मोहन सिंह विश्वकर्मा पिता/पति भावसिंह विश्वकर्मा, EWS 1494 विश्वकर्मा कॉलोनी बस्ती कुरूद दुर्ग जिला दुर्ग, बी. राजेश्वरी पिता/पति बी. वेंकट राव, शांतिपारा बस स्टैंड भिलाई 3 जिला दुर्ग, कार्तिक चन्द्र मंडल पिता/पति गी.बी. मंडल, शंकुंतला विद्यालय राम नगर सुपेला भिलाई जिला दुर्ग, बालाराम देशमुख पिता/पति स्व. पुनीत राम देशमुख, चिंगरी अंडा जिला दुर्ग, शिवांगी लहरी पिता/पति रवि कुमार लहरी, रिसाली बस्ती भिलाई दुर्ग जिला दुर्ग, अहिल्या साहू पिता/पति प्यारेलाल साहू, युवा अंकुश चौक सतनामी पारा छावनी भिलाई जिला दुर्ग, सृष्टी साहू पिता/पति मुकेश कुमार साहू, युवा अंकुश चौक सतनामी पारा छावनी भिलाई जिला दुर्ग, श्याम मनोहर चंद्राकर पिता/पति स्व. लुदुराम चंद्राकर, सिरसाकला भिलाई 3 जिला दुर्ग, नीरज नेताम पिता/पति मोहन नेताम, म न 99 /A रॉयल नगर चरोदा जिला दुर्ग, विप्र चरण गौड़ पिता/पति हरी गौड़, ब्लाक 56 /B 15 L - C खुर्सीपार भिलाई जिला दुर्ग, हयात मोहम्मद पिता/पति तैय्यत अली, स्ट्रीट 19 आसिफ किराना स्टोर सेक्ट -11 जोन -1 खुर्सीपार भिलाई जिला दुर्ग, कृष्ण कुमार निषाद पिता/पति स्व प्यारे लाल निषाद, गोढ़ी धमधा जिला दुर्ग, रामाधार वर्मा पिता/पति स्व. समारू राम वर्मा, कोहडिया गुधेली जिला दुर्ग, विवेक साहू पिता/पति मनोज साहू, बजरंग चौक सेलूद जिला दुर्ग, देवराज साहू पिता/पति भारत लाल साहू, पदुम नगर भिलाई 3 जिला दुर्ग।

## नगर निगम आयुक्त कक्ष में हुआ आयोजन

# दुर्ग निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर पालिक निगम के चार कर्मचारियो के रिटायरमेंट पर आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर चारो सेवा निवृत्त कर्मचारियो का विदाई समारोह का कार्यक्रम आयुक्त के कक्ष में आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर उपायुक्त मोहेंद्र साहू ने अधिकारी/कर्मचारियो की मौजूदगी में सेवानिर्वित्त कर्मचारी सहायक राजस्व निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद मिश्रा,बगस राम सारथी भृत्य, श्याम लाल भृत्य एवं मोहम्मद रफीक खान वाहन चालक को शाल श्रीफल, पुष्पमाला से सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर विदाई दी।नगर निगम आयुक्त कक्ष में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सहायक अभियंता जितेंद्र समैया,सहायक अभियंता आर.के पलिया,राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता,महामंत्री अनिल सिंह, अध्यक्ष संजय मिश्रा,निज सहायक आयुक्त



शुभम गोइर, प्रभारी बाजार अधिकारी चंदन मनहरे,जलकार्य निरीक्षक राजूलाल चंद्राकर,शशि यादव एवं ईश्वर वर्मा ने प्रशस्ति पत्र और उपहार भेंट करते हुए उनके द्वारा किए गये कार्यो की सराहना की। वहीं नगर निगम के अधिकारियों/कर्मचारियो ने चारो सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पुष्प भेंट की।सेवा निवृत्त होने पर निगम कर्मचारियों ने अपने अनुभवों को साझा किए। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि अपने जीवन का आधा समय आपने निगम प्रशासन को दिया है,आने वाला समय आपका और भी बेहतर हो,निगम परिवार ऐसी कामना करता है,सेवानिवृत्त के बाद कभी भी कोई परेशानी होने पर निगम परिवार सदैव साथ होने का भरोसा उन्हें दिलाया गया,आयुक्त ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को निगम के हर कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए कई उपलब्धियां हासिल किए है जिसके लिए उन्होंने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किए।इस दौरान नगर निगम कर्मचारी महासंघ महामंत्री अनिल सिंह,अध्यक्ष संजय मिश्रा व शशिकांत यादव ने सभी चारो सेवा निवृत्त को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम के दौरान हेमलता वर्मा,लवकुश शर्मा,साक्षी वर्मा,क्षमा शर्मा,किरण अग्रवाल,योगेंद्र वर्मा,अनिल करिहार, साकेत धर्माकर, अफ्फाक कुरैशी,नरेंद्र मनहरे, नारायण यादव, सुमन गुप्ता, दीपक साहू, दामिनी भुवल,गौकरण सोनी,उमेश यादव,सिद्धांत शर्मा, पवन चंद्राकर, रामखिलावन शर्मा,मुन्ना यादव, लक्ष्य गोईर, चंद्रलेखा कसार,चित्रलेखा चंद्राकर एवं समस्त अधिकारी/कर्मचारी रहे।

# अक्ती त्योहार पर ठाकुर दैय्या में कृषकों ने किया धान दोना अर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति में तीज-त्यौहारों व मनुष्य के जन्म से मृत्यु तक जहां अनेक संस्कार हैं। वहीं लोक पर्वों और त्यौहार, लोक अनुष्ठानों के द्वारा लोग अपने जीवन में उमंग और कार्य के प्रति उत्साह का संचार करते हैं। संपूर्ण छत्तीसगढ़ में अक्ति के दिन पुतरा-पुतरी का विवाह करने से लेकर कृषि कार्यों की शुरुआत, कलश में जल और चना दाल ठाकुर देव को अर्पित करते हैं और विशेष रूप से कृषि संस्कृति के पहले त्यौहार के रूप में ठाकुर देव को धान का धोना अर्पित कर धान बोने का सांकेतिक लोक अभिनय स्थानीय बैगा के द्वारा किसानों के सहयोग से किया जाता है। नवाचारी शिक्षक, संस्कृति कर्मी एवं जनजाति शोधार्थी राम कुमार वर्मा ने गुंडरदेही क्षेत्र के चिचलगोंदी और बघमरा गांव का भ्रमण कर बताया कि गांव के देवगुड़ी में जहां ठाकुर देव स्थापित है, वहां अपने पुरखों के चलागन के अनुसार स्थानीय बैगा के मार्गदर्शन में गांव के सभी किसानों ने परसा पान का दोना बनाकर अपने घरों से धान ठाकुर देव चौरे में अर्पित किया। इसके बाद ठाकुर देव चौरा के चारों ओर की जमीन पर बैगा द्वारा जल छिड़क कर जमीन गली की गई, धान के बीज छिड़काव किया गया और छोटे बच्चों को बैलों का अभिनय कराते हुए नांगर लोहा को पकड़ कर जमीन की खुदाई कराई गई। साथ ही खेत नींदाई, ब्यासी, धान काटने, सूर में धान का भारा उठाने, काशी की डोरी में पीपल की सात पट्टियां बांधकर गौरी घूमाने का अभिनय कराया गया और अंत में धान की ढेरी अर्थात रास की पूजा अर्चना कर फिर से सभी किसानों को बैगा परसा पान के धोने में धान दिया गया, जिसे वे अपने घरों में ले जाकर कुदाली, हूंम-धूप का सामग्री लेकर अपने खेतों में गए और धान की बुआई करके कृषि कार्य की शुरुआत की। इस लोक अनुष्ठानिक पर्व को अपनी आंखों देखना बहुत ही सुखद और स्वास्थ्य शिक्षा से भरा हुआ लगा। इसमें ग्राम के बुजुर्ग हरदेव लाल दिल्लीवार, बैगा बोधी राम निषाद, भानु यादव, ग्राम अध्यक्ष कुलेश्वर निषाद, जगदीश साहू, यादव राम यदु, अमरनाथ साहू, कमल साहू, राम अवतार निषाद, चिंताराम केंवट, वीरेंद्र कुमार दिल्लीवार, देवधर ठाकुर, बलदेव कुमार, नरेश देशमुख ,अर्जुन निषाद, बालू राम निषाद, मोती लाल यादव, विवेकानंद दिल्लीवार, ग्राम बघमरा के बइगा देव सिंह, चंद्रिका निषाद आदि उपस्थित थे।

## ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में अक्षय तृतीया का पर्व मनाया, बच्चों ने पुतरा-पुतरी विवाह भी किया



### डौकीडीह में शीतला माता दरबार में खिचड़ी बनाकर खाते हैं ग्रामीण जन




**अंडा।** बालोद जिला गुण्डरदेही ब्लॉक के अंतिम छोर ग्राम पंचायत डौकीडीह (द्वारकाडीह) इस गांव में अक्षय तृतीया के दिन पूरे गांव के बाबाजी का मठ हैं और ठाकुर देव के पास पूजा-अर्चना करके गांव के शीतला माता के दरबार में पूरे गांव के लोग खिचड़ी बनाकर खाते हैं। यहां की परंपरा अभी भी चलते आ रहे हैं। गांव के लेखपाल चन्द्राकर और बिक्कु चंद्राकर ने बताया कि सौ साल पुराना से चलते आ रहे हैं। पहली बार एक महामारी बीमारी फैला हुआ था और गांव में महामारी से परेशान थे तब गांव में एक बाबाजी आये थे, कुछ दिन तक वहीं गांव में घूम रहे थे और गांव वाले को बोले कि मेरा समाधि स्थल यही बनाना और कहा कि पूरे गांव वाले मिलकर इस महामारी बीमारी को दूर करना है तो गांव के ठाकुर देव और मेरे समाधि स्थल में अक्षय तृतीया के दिन ठाकुर देव में परसा, पीपल के पत्ता में धान को लेकर चढ़ाते हैं और शीतला दरबार में पूजा अर्चना करते हैं, वहां सिर्फ पुरूष लोग घर से चांवल, उड़द दाल, गुड़ तीनों को मिलाकर खिचड़ी बनाते हैं और आम के आचार के साथ खाते हैं। यह परंपरा कई वर्षों से चले आ रहे हैं। यहां सुबह 8 बजे से 12 बजे तक सिर्फ पुरुष लोग ही खिचड़ी बना के खाते हैं। ऐसे परंपरा छत्तीसगढ़ में कहीं नहीं होता। इसके चलते आगामी वर्ष के लिए देवी-देवताओं का पूजा-पाठ करके ग्रामवासियों के लिए उज्जवल भविष्य की मनोकामना की। इस अवसर पर गांव के बैगा गणेशराम साहू, सरपंच ग्राम पंचायत डौकीडीह मोहन चंद्राकार, उपसरपंच राजेश साहू, पंच भूषण चंद्राकार व ग्रामीण जन रोहित निषाद संतोष सेन, विवेक चंद्राकार, लेखपाल चंद्राकर, विवेक चंद्राकर, संतोष सेन, दीपक चंद्राकर, पप्पू साहू, गणेश साहू, मनहरन निषाद सहित बडी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### प्रिज्म कॉलेज में 'प्रतिभा खोज परीक्षा 2024' का आयोजन

पाटन। प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी प्रिज्म कालेज आईटीआई महकाखुर्द तत्वावधान में 'प्रतिभा खोज परीक्षा' का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न शासकीय स्कूल गनियारी, पंहडोर, घुघवा, औंधी, गोंडपेंडरी, मोरिद आदि के लगभग 450 बच्चों ने भाग लिया जिन्हें निःशुल्क में रेल्वे, बैंक और अन्य शासकीय जॉब की तैयारी के लिए ग्रीष्मकालीन कक्षा दी जाएगी और ऐसे छात्र जो बीए, डी फार्मेसी और आईटीआई इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर व स्टेनो हिन्दी, कोर्स में प्रवेश लेने के इच्छुक हैं उन्हें आयोजित प्रतिभा खोज परीक्षा के प्राप्तांक के आधार पर शुल्क में भी छूट दिया जाएगा। प्रिज्म संस्थान ग्रामीण प्रतिभाशाली बच्चों के लिए इस प्रकार का आयोजन पूरे वर्ष कर रहा है ताकि प्रतिभावान छात्रों को शासकीय नौकरी प्राप्त करने में सुविधा हो।

## निधन

### बीबी राजू



**भिलाई।** सेक्टर 7, सड़क नंबर 9, क्वाटर नंबर 4ए निवासी पूर्व संयंत्रकर्मी सीएचएम 3 बीबी राजू उम्र 84 वर्ष का आकस्मिक निधन सेक्टर 9 अस्पताल में हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 11 मई को निवास स्थान से नेहरू नगर कब्रिस्तान के लिए 11 बजे अंतिम यात्रा निकलेगी। वे बी प्रसाद के पिता थे।

## विकास

**शासन से 3132.75 लाख की मिली स्वीकृति**

# अब खरखरा जलाशय से बुझेगी डौंडीलोहारा की प्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

- अंडरग्राउंड पाइप लाइन बिछाने के बाद घरों में आएगा 24

लगभग 15 वर्षों से की जा रही मांग में अब विराम लग रहा है, अभी तक नगर पंचायत भूजल स्त्रोतों से ही निर्भर रहा है। ज्यों-ज्यों आबादी बढ़ रही है, पानी की समस्या विकराल होती जा रही थी। लेकिन अब कुछ ही दिनों बाद अमृत मिशन योजना के तहत खरखरा जलाशय से डौंडीलोहारा तक पानी लाकर लोगों को पेयजल की सप्लाई की जाएगी। इसके लिए केंद्र सरकार ने 31 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत की है। अंडरग्राउंड पाइप लाइन बिछाने के बाद घरों में खरखरा जलाशय का पानी 24 घंटे आने लगेगा। इससे शहरी क्षेत्र में होने वाले पेयजल की समस्या हमेशा के लिए खत्म हो जाएगी।

### 4 एवं 2 लाख लीटर क्षमता वाली बनेगी टंकी

योजना के शुरू होते ही हर घर में 24 घंटे पानी की सप्लाई रहेगी। पानी सप्लाई शुरू होने के बाद शहरी क्षेत्र के सरकारी बोर से निर्भरता पर विराम लग जाएगा, इससे शहर का वाटर लेवल बढ़ेगा और पानी की समस्या खत्म हो जाएगी। भीषण गर्मी पड़ने पर भी पानी की सप्लाई प्रभावित नहीं होगी। दो लाख लीटर क्षमता की दो पानी टंकी बनाई जाएगी- खरखरा जलाशय से पानी को नगर में बनने वाले संपवेल में साफ कर स्टोर किया जाएगा। दो पानी टंकी का निर्माण भी कराया जाएगा। एक टंकी चार लाख लीटर और दूसरी टंकी लगभग 2 लाख लीटर की क्षमता की बनाई जानी है।

**शासन से मिल गई है स्वीकृति : सीएमओः** नगर पंचायत के सीएमओ राकेश प्रधान ने बताया कि अमृत मिशन योजना के अंतर्गत नगर में खरखरा जलाशय से पानी लाने की तकनीकी स्वीकृति शासन स्तर से मिल चुकी है। चुनाव आचार संहिता हटने के बाद नियमानुसार आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि इस मिशन के लिए बहुत अधिक प्रयास किया गया है जो कि अब सफल हुआ है। सिंचाई विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने के लिए हमें काफी हद तक मेहनत करनी पड़ी तब जाकर एनओसी उपलब्ध हुआ। इस स्वीकृति पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती विद्या शर्मा, सभापति, झुमुक कोसमा,अनिता साहू,ममता शर्मा, अशोक चनाप सहित सभी पार्षदों व नगर पंचायत के कर्मचारियों ने खुशी जाहिर की है।

### नगर पंचायत में भूजल स्रोतों से निर्भरता होगी खत्म



### 12 किमी दूर है जलाशय

नगर पंचायत की जनसंख्या लगभग 15 हजार की है। जिसे बोर के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। आने वाले 50 साल में नगर की जनसंख्या बढ़ जाएगी। उसी के हिसाब से जलाशय से पानी लाने की योजना बनाई गई है। इस्टीमेट और प्रपोजल आर्किटेक्ट के माध्यम से तैयार कर छत्तीसगढ़ सरकार को प्रस्ताव भेजा गया था। आने वाले कुछ समय के बाद इस पर काम शुरू हो जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेश्वरी साहू ने बताया कि विधायक व पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया के प्रयास से खरखरा जलाशय से नगरवासियों कि प्यास बुझाने के लिए 2.0 अमृत मिशन जलप्रदाय योजना अंतर्गत राज्य शहरी विकास अभिकरण छत्तीसगढ़ ने 3132.75 लाख की स्वीकृति प्रदान की है। अमृत मिशन योजना में डौंडीलोहारा से 12 किलोमीटर दूर खरखरा जलाशय से पाइप लाइन के माध्यम से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में पानी पहुंचेगा। जहां पानी को ट्रीट कर पीने लायक बनाया जाएगा।

## पटवारी ने फसल का अनावारी ऑनलाइन नहीं किया, किसानों को हो रही परेशानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमधा

- मांगों को लेकर धमधा तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

ग्राम अछोली एवं पेंड्री ग्राम के किसानों के सैकड़ों किसानों के फसल का अनावारी (गिरदावरी) ऑनलाइन नही किए जाने से किसानों को ओलावृष्टि की राहत राशि एवं बीमाधन प्राप्त नही हो रहा है। साथ ही किसानों को खाद बीज एवं नई कृषि ऋण नही मिल पा रहा है। किसान पटवारी को बोलते बोलते थक गए हैं, लेकिन पटवारी ध्यान नही दे रहा है। उक्त मांगों को लेकर शुक्रवार को पेंड्री एवं अछोली ग्राम के सैकड़ों ग्रामीण किसान नेता बनऊ वर्मा एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष नवीन जैन के नेतृत्व में तहसीलदार धमधा को ज्ञापन सौप कर उक्त समस्या का जल्द से जल्द निराकरण करने की मांग की है। साथ ही कहा है कि अगर 10 दिनों के अंदर हमारी समस्या का निराकरण नही किया जाएगा तो किसान उग्र आंदोलन के लिए बाध्य हो जाएंगे। ज्ञापन सौंपने वालो में प्रदीप लोधी, रामराज, मनीराम, रवि वर्मा, छेदु राम, इंद्र प्रसाद, प्रकाश वर्मा, नरेंद्र कुमार, रमेश वर्मा, ओमन वर्मा, लच्छू वर्मा, नरेश वर्मा, लतेल वर्मा, महेंद्र वर्मा, कौशल वर्मा, गोकुल वर्मा, प्रमोद वर्मा, ओमप्रकाश, धनेश वर्मा, परदेशिया, सुरेश वर्मा, रघुवेन्द्र वर्मा, घना राम, विजय वर्मा, मुकुत वर्मा, दिनेश वर्मा, ज्ञानू यादव, तीजऊ वर्मा, दिनु सुरेश, विपिन वर्मा, मनोहर पाल, अजय वर्मा, ररुहा वर्मा, विजय वर्मा, माखन वर्मा, पुन्नू वर्मा, अंकालू वर्मा, दुवासी, दशरथ अजित, त्रिभुवन वर्मा सहित अनेकों किसान शामिल थे।

## कमलेश ने 94.50 प्रतिशत लेकर सेजेस स्कूल घुघवा का नाम किया रौशन



**सेलूद।** छग माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा 2024 का परीक्षाफल गुरुवार 9 मई को घोषित किया गया जिसमें सेजेस घुघुवा (क) के छात्रों ने लग्न एवं कठोर परिश्रम के माध्यम से विद्यालय को उन्नति के शिखर पर पहुंचाया। सेजेस घुघुवा (क) के प्राचार्य और समस्त शिक्षक/ शिक्षिकाओं के दिशा निर्देश में सेजेस घुघुवा (क) कक्षा दसवीं का परिणाम परीक्षा फल 92.85% रहा। हायर सेकेंडरी का परीक्षा फल परिणाम 95.8 % रहा। विद्यालय के छात्र कमलेश कुमार यदु पिता ईश्वर प्रसाद यदु ने कक्षा दसवीं में 94.5 प्रतिशत प्राप्त कर शाला का गौरव बढ़ाया है। हम इनको बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। कक्षा दसवीं में 80% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों में कमलेश कुमार 94.5%, धनेश्वरी 88%, खुमान 85%, तूलिका 81.83%, लवण कुमार 81.16%, पायल साहू 80.66%, प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। साथ ही कक्षा 12वीं कला संकाय का परीक्षा परिणाम 92.59 प्रतिशत, 12वीं विज्ञान संकाय 94.44 प्रतिशत, एवं वाणिज्य संकाय ने 100 प्रतिशत परीक्षा फल परिणाम प्राप्त किया है। जिसमे कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय की छात्रा कुमारी भूमिका साहू ने 82.8%, कॉमर्स संकाय की छात्रा तृप्ति साहू ने 82.4% प्राप्त किया है। प्रदीप कुमार महिलांगे बीईओ पाटन, कुसुम लता नारंग प्राचार्य, जीवन लाल वर्मा व्याख्याता, नेतराम सेन अध्यक्ष, थानेश्वर प्रसाद साहू अध्यक्ष, नोहर पाल पूर्व जनपद सदस्य, मुकेश वर्मा शिक्षक, बलराम ठाकुर सरपंच अमेरी, लोकेश्वर प्रसाद साहू सरपंच घुघुवा, देवेंद्र वर्मा, समस्त स्टाफ घुघुवा एवं सीएसी खिलेश वर्मा द्वारा छात्र कमलेश कुमार यदु के घर जाकर उनके पिता ईश्वर प्रसाद यादु एवं माता हेमलता यदु को बधाई दी एवं छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## बिजनेस साइट

## मेडिकल पाइंट भिलाई के संचालक गवेल ने विद्यार्थियों को दी जानकारी



**भिलाई।** 5 मई को नीट की परीक्षा संपन्न हुई। करीब 24 लाख परीक्षार्थी बैठे। एक लाख नौ हजार करीब मेडिकल की सीट(शासकीय, प्राइवेट) है। छग में करीब 44 हजार परीक्षार्थी बैठे। 1920 सीटे जिसमें 1670 शासकीय व 450 प्राइवेट है। कॉलेज की संख्या, सीटें और बढ सकती है। पेपर माडरेट(मध्यम) था। बॉयोलाजी सरल, केमेस्ट्री मीडियम, फिजिक्स अपेक्षाकृत घुमावदार, न्यमेरिकल आधारित। इस वर्ष छग में कट ऑफ, सामान्य/पिछडा-560, एससी-460, एसटी-360 जाएगा, जो पिछले साल से कुछ अधिक है। जीडी गवेल सर संचालक मेडिकल पाइंट, भिलाई जो स्वयं नीट भी पढाते हैं ने बताया उनके पढाने, नोट्स, पुस्तक में अन्डरलाईन करवाने में एवं फिजिक्स/केमेस्ट्री के फार्मूला दिए गये में से 100 प्रतिशत वही वही/समरूप प्रश्न आए। जो 50 साल में पहली बार ऐसा हुआ। मैंने छग के छात्र/छात्राओं को मार्ग दर्शन हेतु, न्यूजपेपर, पम्पलेट के माध्यम से बुलाया था, नहीं आए। अब पछता रहे हैं। गवेल सर का कहना है अनुभव, अनुभव होता है, जो किसी भी परीक्षा में सफल होने के लिए आवश्यक है। 77 वर्ष पूरा करने वाले, गवेल सर का एक ही जज्बा है अधिक से अधिक छात्र/छात्राओं को नीट में चयन कराकर डॉक्टर बनाएं। जिनके पेपर अच्छे गये हैं, उनको बधाई जिनके नहीं गये है, सलेक्शन वाले वाले अंक नहीं आ रहे हैं, निराशा न होवें। ये सोचकर फिर से प्रयास करें। उनसे कुछ गलती हुई या कुछ कमी रह गई है। सही मार्गदर्शन नहीं मिला, आपके बारे में नहीं पता था, ओवर कान्फिडेंस में रहा।

# किसानों को खीरा और करेले की खेती करने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुम्हारी

- छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ कुम्हारी खपरी में किसानों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ कुम्हारी खपरी में किसानों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन संघ भवन में रखा गया जिसमें प्रदेश के महासमुन्द, जांजगीर चापा, बालोदाबाजार, जगदलपुर, दुर्ग एवं रायपुर सहित अन्य जिलों से दो सौ से भी अधिक किसान सम्मिलित हुए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में खीरा की खेती के सम्बन्ध में सम्पूर्ण जानकारी भूपेन्द्र परमार द्वारा दी गई, जिसमें फसल के बीज की बुवाई से लेकर फसल तोड़ाई तक जानकारी प्रदान की गई। इसके उपरान्त करेला की खेती के सम्बन्ध में देवेश टांक एवं



प्रशांत मारू ने सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की। करेला फसल में लगने वाले कीट व्याधि निवारण करके अधिक उत्पादन किस तरह से लिया जा सकता है इस सम्बन्ध में किसानों को विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। दोपहर भोजन उपरान्त लौकी की उन्नत खेती विषय पर पारूल सिंग और सुमीत लोहान द्वारा किसानों को पूर्ण जानकारी दी गई। प्रदेश के लगभग सभी जिलों के किसान इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से लाभान्वित हुए। वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन के कारण सब्जी वर्गीय फसलों में रोग व्याधि देखा जा रहा है, इस समस्या के समाधान के लिए प्रदेश के किसानों को प्रशिक्षित करना संघ का मूल उद्देश्य है ताकि हमारे प्रदेश का किसान खुशहाल हो सके ।

खीरा, करेला व लौकी फसल प्रशिक्षण कार्यकम में अधिक पंजीयन के कारण कार्यक्रम को आगामी 15 मई को पुनः आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यकम के आयोजन में छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष विरेन्द्र लोहान, प्रदेश सचिव भुपेन्द्र दुबे, सह सचिव दिलीप राठौर, संजय गोहिल व हर्षित पढ़ियार मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## गोपिका 91.67 अंकों के साथ प्रथम रहे



**सेलूद।** गोपिका यादव पिता ललित यादव ने स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेलूद में कक्षा दसवीं बोर्ड में 91.67 प्रतिशत प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। गोपिका यादव की सफलता के लिए पापा, मम्मी, दादा दादी, चाचा चाची ने मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दिया। शाला परिवार की ओर से लीना चंद्राकर सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिया है।

## अक्ती ज्वांरा कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक ललित

# अक्षय तृतीया पर बच्चों ने रचाया पुतरा-पुतरी का विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत नगर पंचायत उतई के बंजारी माता मंदिर प्रांगण, गांधी चौक शीतला मन्दिर परिसर में आयोजित अक्ती ज्योत ज्वांरा व पुतरा-पुतरी विवाह कार्यक्रम में विधायक ललित चंद्राकर शामिल होकर अक्षय तृतीया पवन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि शहर सहित ग्रामीण अंचलों में 10 मई को अक्षय तिथि को अक्षय तृतीया पूरे धूमधाम से मनाया गया इसे आखा तीज के नाम से भी जाना जाता हैं। कई जगह अक्ती ज्योत ज्वांरा निकालकर पूजा-अर्चना किया जाता है।

किसी अच्छे काम की शुरुआत के लिए इस मुहूर्त को बेहद शुभ मुहूर्त माना जाता है। अक्षय तृतीया के दिन छोटे बच्चों द्वारा मिट्टी का पुतरा पुतरी का विवाह किया जाता हैं इस दिन की तैयारियों में



बच्चे कई दिन पहले से जूट जाते हैं। बच्चे पुतरा पुतरी के विवाह के लिए जोरो से तैयारीया करते हैं, इस दिन बच्चे पुतरा पुतरी के विवाह के मंडप बना कर शादी की तरह सभी रस्म को पूरा किया जाता है। आगे विधायक ने कहा शुभ मुहूर्त व देव लग्न होने के कारण अक्षय तृतीया को लोग अपने बेटा बेटियों की विवाह करते हैं। पौरानिक मान्यता अनुसार विष्णु के छटे अवतार माने जाने वाले भगवान परशुराम जन्म भी इसी दिन हुआ था। साथ ही भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर्व की शुभकानाएं दी। वही उन्होंने आगे कहा कि आज से खेती किसानी से जुड़े किसान भाई बहनों के लिए नया बछर की शुरुवात हो जाता हैं। ग्रामीणजन ठाकुर देवता में पूजा अर्चना कर धान दोना चढ़ाकर उस धान को खेत में ले जाकर बोनी कर दिया जाता है और लोग खेती किसानी की तैयार में लग जाते हैं। इस अवसर पर महामंत्री सोनू राजपूत, रूपेश पारख, हरिचंद पप्पू शर्मा, दुलार यादव, गणेश ठाकुर, पियूष साहू, बल्लू साहू, किशोर साहू, नीलम सिंह, कांति साहू, नवीन भरती, नरेश सपहा, लखन, पदमन साहू, श्याम लाल, सुखनंदन, शिव ठाकुर, मनोज ठाकुर, राजाराम विश्वकर्मा, हरिशंकर ठाकुर, रूपेश साहू, पप्पू शर्मा, गणेश ठाकुर, श्याम लाल ठाकुर, गुलशन सपहा, प्रकाश साहू, केवल साहू, संतोष बंभोले व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### जागेश्वर यादव को सर्वोच्च नागरिक सम्मान से यादव समाज में हर्ष

**भिलाई।** अखिल भारतीय यदुवंशी समाज महासभा छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष जयप्रकाश यादव ने कहा कि बिरहोर के भाई के नाम से प्रसिद्ध, छत्तीसगढ़ के विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले, जागेश्वर यादव का राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू द्वारा भारत के तृतीय सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया। पूरे प्रदेश के लिए और अखिल भारतीय यदुवंशी समाज महासभा छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है। हर्ष व्यक्त करने वालों में राष्ट्रीय प्रवक्ता मेघराज शिवानंद यादव ,भिलाई जिला अध्यक्ष सुरेश यादव ,युवा प्रकोष्ठ भिलाई जिला अध्यक्ष गीतेश यादव, दुर्ग संभाग प्रभारी- राहुल यादव, दुर्ग, सह प्रभारी सुजीत कुमार यादव, रिसाली,बस्तर संभाग प्रभारी रमेश कुमार यादव, निवासी सुकमा,बिलासपुर संभाग प्रभारी सारिका यादव, निवासी कोरबा,सह प्रभारी डंकेश्वर यादव, जांजगिर चम्पा,रायपुर संभाग प्रभारी श्रवण कुमार यदु, निवासी राजिम,सह प्रभारी तेजराम यादव, निवासी रायपुर, सरगुजा संभाग प्रभारी मुकेश यादव, कांसाबेल आदि शामिल थे।

### उत्कल समाज का अक्ति



**भिलाई।** अक्षय तृतीया के अवसर पर उत्कल सांस्कृतिक महिला मंडल की महिलाएं अध्यक्ष संजू साहू, कोषाध्यक्ष मिनती रथ, नमिता त्रिपाठी, जूली साहू, पूजा मोहंती, जोशना मलिक, सविता नाहक, गीतांजलि चौधरी, तृप्ति पाणिग्रही, प्रतिमा मिश्रा, लुसी नायक शहीद सभी मिलकर शरबत और चना का वितरण किया। डॉ. पाणिग्रही इस कार्यक्रम में शामिल थे।

# भिलाई इस्पात मजदूर संघ के जायसवाल गुट की रजिस्ट्रार की मान्यता संविधान सम्मत नहीं : अरविंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात मजदूर संघ के राम जी गुट के महामंत्री अरविंद पांडे ने जारी विज्ञप्ति में यूनियन के दूसरे धड़े पर चुनाव चुनाव आचार संहिता के दौरान फर्जी तरीके से चुनाव करवाने का आरोप लगा है। यूनियन के अरविंद पांडे ने बताया कि ने बताया की यूनियन में 3 अक्टूबर 2023 को चुनाव हुआ, जिसमें राम जी सिंह को अध्यक्ष तथा महामंत्री अरविंद सिंह बनाए गए । उसके बाद दूसरे गुट 10 अक्टूबर 2023 को आचार संहिता के दौरान फर्जी तरीके से चुनाव करवाया, जिसके अध्यक्ष राधेश्याम जायसवाल तथा महामंत्री चन्ना केशवलू हैं। दो ई फॉर्म रजिस्टर के पास भेजे गए, जिसमें अनैतिक तरीके से राधेश्याम जायसवाल गुट को रजिस्टार ने मान्यता दी थी । इसके विरुद्ध राम जी सिंह एवं अरविंद पांडे की ओर से औद्योगिक न्यायालय में परिवाद डाला गया था । पांडेय ने कहा कि धारा 28 जे के अंतर्गत पंजीयक रायपुर द्वारा एक तरफा फैसला लिया जाना संविधान सम्मत नहीं है। 8 मई को औद्योगिक न्यायालय रायपुर ने अरविंद पांडे गुट को राहत देते हुए आदेश पारित किया है की वर्तमान यूनियन, जिसे रजिस्टर किया गया है वह अवैध है। उनके द्वारा नई नियुक्ति ना की जा सकती है ना ही पुरानी नियुक्तियों को रद्द किया जा सकता है । प्रबंधन के साथ किसी भी प्रकार का नीतिगत समझौता नहीं किया जा सकता। यूनियन गतिविधियों को चलाने के लिए 5 हजार से ज्यादा खर्च नहीं किया जा सकता उसका भी हिसाब भी न्यायालय को प्रत्येक 2 महीने में प्रस्तुत करना होगा तथा उनका अनुमोदन लेना होगा।

## अरविंद पाडे गुट ने बीएसपी प्रबंधन को औद्योगिक न्यायालय की कापी सौंपी



### फैसला कर्मठ कार्यकर्ताओं की जीत

न्यायालय के आदेश पर अरविंद पांडे ने बताया कि न्यायालय का निर्णय बीएसपी के कर्मचारियों एवं भिलाई इस्पात मजदूर संघ के कर्मठ कार्यकर्ताओं की जीत है। । विज्ञप्ति में आरोप लगाया कि भिलाई इस्पात मजदूर संघ के कार्यकर्ता अनैतिक लोगों द्वारा भारतीय मजदूर संघ को बदनाम करने की साजिश को बेनकाब करेंगे। राधेश्याम जायसवाल और चन्ना केशवलू मनमानी कर बीएमएस संगठन को खत्म कर देना चाहते हैं,जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अरविंद पांडे ने प्रदेश भारतीय मजदूर संघ और बीएसपी प्रबंधन से अपील की अनैतिक गतिविधियों पर लगाम लगाते हुए उचित कार्रवाई करें। प्रतिनिधि मंडल द्वारा आदेश की सत्यापित कापी शुक्रवार को बीएसपी के आईआर विभाग में भी ज्ञापन के सौंपी गयी है।

## नेहरु हाउस में बीस दिवसीय इप्टा बाल नाट्य प्रशिक्षण शिविर का रोचक आगाज

# अनूठी शादी में दूल्हा, दुल्हन घराती व बाराती भी बच्चे ही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पारंपरिक पर्व अक्षय तृतीया पर शुक्रवार को शहर में एक अनूठा विवाह समारोह हुआ, जिसमें दूल्हे राजा और दुल्हनिया से लेकर बाराती और खराती तक सभी बच्चे ही थे। हर्षोल्लास के माहौल मे हुई इस आकर्षक शादी में भरे मंडप में विधि विधान से सारी रस्में और कसमें होते देख बच्चों के साथ बड़े भी भावविभोर हो गए। और जब बाजे गाजे के साथ बारात स्वागत और फेरों के बाद लजाती, शरमाती दुल्हन की भावभीनी विदायी हुई तो माता पिता के गले लग रोने के प्रयास में उसकी बालसुलभ हंसी फूट गई ।

चौंकिए मत, यह सचमुच का विवाह समारोह नहीं बल्कि इप्टा के ग्रीष्मकालीन बाल एवं तरुण नाट्य कार्यशाला के पहले दिन अक्ति पर्व पर गुड्डा गुड़ियों की पारंपरिक शादी की तरह बच्चों द्वारा विवाह का खेल था। इस संदेशपरक शादी के नाटक में बालविवाह को लेकर जागरुकता का संदेश भी दिया गया। इप्टा भिलाई के तत्वावाधान में शुक्रवार से नेहरु सांस्कृतिक परिसर में शुरु हुए बीस दिवसीय बाल नाट्य प्रशिक्षण कार्यशाला के पहले दिन बच्चों द्वारा अक्ति पर रोचक विवाह के आयोजन के बाद भाग लेने वाले बच्चों के परिचय और 20 दिनों तक विभिन्न विधाओं पर दिए जाने वाले प्रशिक्षण की दिलचस्प जानकारी युवा कलाकारों द्वारा दी गई। उत्साह के वातावरण में सबसे पहले सुबह 7 बजे से 10 बजे तक अक्षय तृतीया पर पारंपरिक पुतरा पुतरियों के विवाह के खेल की तरह नन्हें कलाकारों द्वारा दिलचस्प विवाह का आयोजन किया गया। बकायदा आम की डालियों से बनाए गए मंडप में दुल्हन और दूल्हे को रिश्तेदारों ने पहले तेल, फिर हल्दी लगाई । मंडपाच्छादन और पाणिग्रहण की रस्म भी हुई। जब भांवर के बाद दुल्हन की के साले सालियों और फ्रैंड्स ने दूल्हे की जूते छिपाए और पैसे के लिए मोलभाव की हंसी ठिठोली के साथ दुल्हन की विदाय हुई तो बच्चों के साथ पैरेंट्स भी विभोर हो गए। बारातियों व मेहमानों का मिठाई के साथ शरबत पिलाकर स्वागत भी किया गया। नाट्य शिविर में बाल कलाकारों व पहली बार भाग लेने वाले बच्चों ने दूल्हा और दुल्हन सहित शादी से जुड़े सभी किरदार मजेदार ढंग से निभाए। आयोजन में युवा और वरिष्ठ रंगकर्मियों ने मदद की। इसके बाद बच्चों को शिविर में रोज होने वाले कला से संबंधित प्रशिक्षण के विषयों की जानकारी दी गई।

**बच्चों ने बाल विवाह के खिलाफ कलात्मक प्रतिभा से किया जागरुक**







### अक्षय तृतीया पर रंगकर्म से बच्चों का जुड़ा रिश्ता

पूर्व में इप्टा भिलाई द्वारा आयोजित बाल नाट्य कार्यशाला का औपचारिक उद्घाटन कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि छग हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष रवि श्रीवास्तव और विशेष अतिथि छग इप्टा के प्रादेशिक अध्यक्ष मणिमय मुखर्जी, राष्ट्रीय सचिव राजेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ रंगकर्मी सुचिता मुखर्जी, रचना श्रीवास्तव और शिविर संचालक रोहित रेड्डी थे। रवि श्रीवास्तव ने अपने उदबोधन में आयोजन और बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज अक्षय तृतीया रिश्ते के जुड़ने का पर्व है। यह सुखद है कि इस दिन बच्चों का रंगकर्म से रिश्ता जुड़ रहा है, जो जीवनभर के लिए है। यह गर्व की बात है कि इप्टा 26 वर्ष से नाट्य शिविर कर रहा है। बच्चों को अपनी कला प्रतिभा निखारने अच्छा मंच मिल रहा है। मणिमय मुखर्जी ने कहा कि इस शिविर से कई अच्छे रंगकर्मी तैयार होकर शहर का नाम रोशन कर रहे हैं। राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले 25 साल में शिविर स्थापित हो चुका है और बच्चे इसका इंतजार करते हैं। रोहित ने प्रतिभागी बच्चों को कार्यशाला में नाट्य कला के विषयों के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन इप्टा भिलाई के चारु श्रीवास्तव और आभार प्रदर्शन रोशन घड़ेकर ने किया। इस अवसर पर इप्टा के रंगकर्मी बीबी परगनिहा, संदीप गोखले, देवनारायण साहू, डैडी गोयल, अमिताभ शर्मा, चित्रांश श्रीवास्तव, निकिता कुमारी, पलक साव, गौरी परांजपे, बी किशोर, कनिष्क, हर्ष, गोपेश व विक्रम आदि कलाकारों सहित अन्य प्रतिभाग बच्चे उपस्थित थे। तीस मई तक आयोजित नाट्य कार्यशाला में रोज सुबह 6 से 10 बजे तक इप्टा के अनुभवी कलाकारों द्वारा थिएटर, अभिनय, गायन, नृत्य, स्क्रिप्ट राइटिंग, क्राफ्ट, चित्रकला व मूर्तिकला आदि विधाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# गांव के गली-मोहल्लों में पुतरा-पुतरी का विवाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

छत्तीसगढ प्रदेश परम्पराओं का प्रदेश है उन्हीं परम्पराओं में से एक आज वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया को अक्षय तृतीया का पर्व मनाया जाता है। अक्षय तृतीया की तिथि अबूझ मुहूर्त की तिथियों में से एक है। अक्षय तृतीया इस बार 10 मई 2024 शुक्रवार को मनाया गया । इस दिन किया गया कोई भी शुभ कार्य जरूर सफल होता है। साथ ही इस दिन गाँव क्षेत्रों के नन्हे बच्चों के द्वारा मिट्टी से बनी मनमोहक 'पुतरी-

- बच्चों ने मनाया शादी का खेल पुतरा पुतरी का हुआ विवाह

पुतरा" (गुड्डा-गुड्डी) का विवाह रचाया गया है। बच्चों के साथ बड़े भी इस दिन अपनी पारंपरिक ढंगों से हिन्दू-रीतिरिवाज की तरह गाजे-बाजे के साथ गुड्डा का बारात निकालते है और एक प्यारी सी छोटी सी जिसमें आम के पत्तों और छोटी लकड़ियों से बना हुआ पंडाल के अंदर गुड्डा-गुड्डी को रखकर सामने कलश रखकर, दीप जलाकर अक्षत-हल्दी से गुड्डा-गुड्डी की टीका करते है इस दिन बच्चें अपने पड़ोसी साथियों को अपने गुड्डा-गुड्डी की शादी करने का निमंत्रण भी देते है और शाम के वक्त सभी बच्चे एक दूसरे के घरों में जाकर गुड्डा-गुड्डी को अक्षत का टीका कर स्वेक्छानुसार उपहार भी देते हैं । इस वर्ष बच्चों ने बड़े ही धुमधाम के साथ यह पर्व मनाया गया ।

बच्चियाँ अपने प्यारे ₹पुतरी-पुतरा₹ (गुड्डी-गुड्डा) की त्यौहार को अच्छे ढंग से मनाने में कोई कसर नही छोड़ें । अक्षय तृतीया के दिन किया गया दान कभी नष्ट नहीं होता, पुण्य लाभ अक्षय रहता है ।इस दिन वृक्षारोपण,दान और गंगा स्नान का विशेष महत्व होता है। मान्यता है कि इस दिन दान का पुण्य लाभ अक्षय रहता है यानी कभी नष्ट नहीं होता है। इस दिन जलपात्र या घट दान का भी विशेष महत्व है ।लोग इसी दिन प्याऊ सेवा प्रारंभ करते हैं। गंगा स्नान व प्याऊ स्थापना का पुण्य लाभ भी मिला । कुछ भी करते न बने तो अक्षय तृतीया में हर हर गंगे का उच्चारण कर केवल एक पीपल अथवा बरगद का पौधा ही लगाने का कार्य भी किया गया । गांव के किसान द्वारा गांव के ठाकुर देव भगवान में दोना से धान चढ़ाकर अपने खेत का भूमि पूजन कर नए खेती सीजन का शुभारम्भ का कार्य किया जाता हैं अक्षय तृतीया का त्योहार आज शुक्रवार को है। इसी दिन किसान अपने खेत का भूमि पूजन कर नए खेती सीजन का शुभारंभ करते हैं।जिसमें किसान खरीफ फसल की बुआई करने को शुभ मानते हैं। लेकिन उससे पहले अपने यहां कृषि हेतु भूमि पूजन करने की भी परंपरा की शुरुआत किया गया ।

# दसवीं और बारहवीं बोर्ड में बीएसपी स्कूलों के विद्यार्थियों ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2023–24 (एचएससी– कक्षा दसवीं) की परीक्षा में बीएसपी स्कूलों के बच्चों ने बाजी मारी है। परीक्षा में भिलाई टाउनशिप एवं माइंस के 03 सीजी बोर्ड स्कूलों से 119 छात्र शामिल हुए थे। जिसमें 86.55 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है।

बीएसपी हायर सेकेंडरी स्कूल – हिर्री माइंस से आकांशा साहू ने 89 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। बीएसपी गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 11 से तन्नु ने 87.83 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान हासिल किया है। परीक्षा में भिलाई टाउनशिप एवं माइंस के 03 स्कूलों से 119 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें से 43 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा मे भिलाई टाउनशिप के 2 बीएसपी स्कूलों से 145 विद्यार्थी शामिल हुए, जिनमें से कुल 92.41 प्रतिशत उत्तीर्ण विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है।सभी बीएसपी स्कूलों में कक्षा बारहवीं के टपर्स में, भिलाई विद्यालय सेक्टर–2 की नंदिनी यादव (वाणिज्य) ने 88.40 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, तनु खैरवार (वाणिज्य) ने 88 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा केतन कुमार (जीव विज्ञान) ने 86.60 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण होकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इस परीक्षा में भिलाई टाउनशिप के 02 स्कूलों से 145 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें 62 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।सीजी बोर्ड के अंतर्गत कक्षा बारहवीं के लिए बीएसपी स्कूलों का स्कूलवार परिणाम इस प्रकार है– भिलाई विद्यालय – सेक्टर 2 (बीवी) से 133 बच्चे शामिल हुए, जिनका परिणाम 83.46 प्रतिशत रहा। गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल – सेक्टर 11 (जीएचएसएस) से 12 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए।

# बीएसपी व प्रदेश संघ ने दी मान्यताः चन्ना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भारतीय मज़दूर संघ से सम्बद्ध भिलाई इस्पात मज़दूर संघ भिलाई के महामंत्री चन्ना केशवलू ने जारी विज्ञप्ति में विज्ञप्ति के माध्यम से बताना चाहता है कि छत्तीसगढ़ शासन पंजीयक के द्वारा 2015 पंजीयन को मान्यता प्रदान किया गया है जिसके भिलाई इस्पात मज़दूर संघ के महामंत्री चन्ना केशवलू तथा अध्यक्ष राधेश्यम जायसवाल है। इसे भिलाई इस्पात मज़दूर संघ को भिलाई इस्पात प्रबंधन द्वारा भी मान्यता प्रदान किया



। विज्ञप्ति में बताया कि कोई भी दूसरा व्यक्ति 10- 15 पंजीयन को लेकर दावा करता है वह फ़र्ज़ी माना जाएग । उसके विरुद्ध क़ानूनी कार्रवाई करेगा । 2015 पंजीयन क्रमांक यूनियन को बीएमएस प्रदेश ने भी धारा 32 के तहत मान्यता दिया है।

## हरियाणा के सीएम नायब भिलाईवासियों से रूबरू हुए...



**भिलाई।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के द्वारा करनाल में संयुक्त रूप से सामाजिक सभा ली गई। जिसमें करनाल के समस्त सैन सामाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। जिसमें शुक्रवार को संयुक्त रुप से यह संकल्प लिया गया कि तीसरी बार मोदी को पुन: प्रधानमंत्री बनाना हैं। भाजपा मोदी का परिवार बन कर रहना है।

## सुपेला नर्सरी से लोग खरीद रहे पौधे

# दोनों जून जलापूर्ति से किचन गार्डन में आई बहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप के क्वार्टरों में दोनों टाइम पानी की जलापूर्ति शुरु होते ही गर्मी में लोगों के झुलसते किचन गार्डन अब हरियाने लगे हैं। उद्यानिकी प्रेमियों की शाम अपने उद्यानों को सींचते और पौधों को संवारने में बीत रही है। पौधों की बिक्री बढ़ने से नर्सरी बाजार में भी बहार आ गई है।

उल्लेखनीय है कि पिछले आठ साल बाद बीएसपी टाउनशिप में प्रबंधन द्वारा दोनों जून जलापूर्ति की जा रही है। सात मई से सेक्टरों के क्वार्टरों के नलों में सुबह के अलावा शाम को भी पानी दिया जा रहा है। इससे वर्षों को पेयजल किल्लत



जाती रही है। एक टाइम पानी में गुजारे की आदि डालने वाले बीएसपी कर्मियों का परिवार पानी को लेकर समृद्ध हो गया है। लोग अपने दैनिक उपयोग के पानी का तो उपयोग कर ही रहे हैं,अब अपने घरों की उद्यानिकी भी संवार रहे हैं। बचे पानी का उपयोग किचन गार्डन में फूलों और साग सब्जियों के पौधे सींचने में क रहे हैं। पहले एक ही टाईम पानी मिलने से कम लोग ही शाम को अपने गार्डन में वक्त बिताते थे। पानी की किल्लत होने के कारण खाने पीने और कपड़े के धुले आदि पानी को ही उद्यानिकी में डालते थे। लेकिन अब भरपूर पानी का उपयोग अपने किचन गार्डन को संवारने में कर रहे हैं। मौसमी फूलों व सब्जियों के पौधे भी लगा रहे हैं। इसके पहले गर्मी के दिनों मे पानी की किल्लत से कई लोगों के उद्यान सूख जाते थे। फूलों के पौधे मुरझा जाते थे। कई लोग अब सुपेला पौधों की नर्सरी से नए पौधे खरीदकर ले जा रहे हैं।






03

बार-बार स्किप नहीं होगा जिम, बस अपनाएं ये छोटे-छोटे टिप्स

## लाइव इवेंट

### रथ निर्माण के लिए लकड़ी व औजारों की पूजा अर्चना



**भिलाई।** श्री जगन्नाथ मंदिर सेक्टर-4 भिलाई के तत्वावधान में शुक्रवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर रथ निर्माण के लिए निर्धारित पूजा का आयोजन मंदिर प्रांगण में किया गया। विदित हो कि इस दिन रथ निर्माण का शुभारंभ किया जाता है। रथ निर्माण के प्रारंभ के लिए आयोजित इस पूजा में रथ निर्माण में प्रयुक्त होने वाले लकड़ी तथा औजारों की पूजा की जाती है। श्रीजगन्नाथ मंदिर सेक्टर-4 में आयोजित इस पूजा में रथ शिल्पी निरंजन महाराणा सहित वृंदावन स्वांईं कर्ता के रूप में पूजा में शामिल हुए। इस पूजा को मंदिर के पुरोहित पितवास पाढ़ी द्वारा विधि विधान से संपन्न किया गया। इस दौरान समिति के महासचिव सत्यवान नायक, प्रकाश दास, अनाम नाहक, प्रकाश स्वांईं, निरंजन महाराणा, रवि स्वांईं, जगन्नाथ पटनायक, कवि विश्वाल, एससी पात्रो, वृंदावन स्वांईं एवं सीमांचल बेहेरा उपस्थित थे।

- रथ यात्रा 2024 की तैयारी हुई प्रारंभ
- श्री जगन्नाथ मंदिर,सेक्टर-4 का आयोजन



## हेल्थ इवेंट

### 11 साल में तीन स्ट्रोक, फिर ठीक होकर घर लौटी महिला



**भिलाई।** 53 वर्षीय इस महिला को पिछले 11 सालों में तीन-तीन स्ट्रोक (मस्तिष्काघात) हो गए. पहली बार उन्हें 2013 में मस्तिष्काघात के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था. इसके बाद 2017 में वे एक बार फिर स्ट्रोक का शिकार हो गईं. इस बार 28 अप्रैल को उन्हें तीसरी बार अस्पताल लाया गया। दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ एक बार फिर उन्होंने स्ट्रोक को मात दे दिया और घर लौट गईं। न्यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर नचिकेत दीक्षित ने बताया कि स्ट्रोक के मरीजों को अत्यधिक सावधान रहना पड़ता है। थोड़ी सी लापरवाही घातक सिद्ध हो सकती है। इस बार महिला को जब हाइटेक सुपरस्पेशालिटी हॉस्पिटल लाया गया तो उसके बायें हाथ एवं पैर में अत्यधिक कमजोरी के साथ ही उनकी जुबान लड़खड़ा रही थी। भोजन को निगलने में दिक्कत हो रही थी। बिना सहारे के वे खड़ी भी नहीं हो पा रही थी। डॉ. दीक्षित ने बताया कि इसे मेडिकल भाषा में हेमीपैरेसिस कहते हैं जिसे आधे शरीर का पक्षाघात कह सकते हैं। इसकी वजह से शरीर का संतुलन गड़बड़ा जाता है। मस्तिष्काघात, मेरूदंड में चोट या मेरूरज्जू में संकुचन या संवेदनावाही तंत्रिकाओं पर दबाव के कारण ऐसा हो सकता है। मरीज का तत्काल इलाज प्रारंभ किया गया जिसमें फिजियोथेरेपी शामिल थी। एक सप्ताह के इलाज के बाद मरीज की स्थिति काफी सुधर चुकी थी। उन्हें आवश्यक हिदायतों के साथ छुट्टी दे दी गई। उन्होंने बताया कि लंबे समय तक चलने वाले इलाज में अकसर मरीज लापरवाह हो जाते हैं और दवाइयां नियमित रूप से नहीं लेते या उसे पूरी तरह छोड़ देते हैं। यही वजह है कि मरीज को बार-बार ऐसे संकटों का सामना करना पड़ता है। इस मामले में भी ऐसा ही हुआ। जब-जब मरीज ने दवा छोड़ी उसकी हालत फिर से बिगड़ गई। यदि वे लगातार दवाइयां लेती रहतीं और समय-समय पर फॉलोअप के लिए चिकित्सक के पास आती तो इस स्थिति को टाला जा सकता था।

### एमए शिक्षा की मेरिट में उषा प्रथम

**भिलाई।** पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर द्वारा सत्र जून–जुलाई 22 की एम ए (शिक्षा) अंतिम की प्रवीण्य सूची अधिसूचित कर दी गई है । प्रविण्य सूची में कुल 10 स्थानों में से आठ स्थान दुर्ग क्षेत्रीय केंद्र के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रीय अध्ययन केंद्रों में अध्यनरत शिक्षार्थियों ने अर्जित किए है । शासकीय तामस्कर स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग की सुश्री उषा चंद्रवंशी, दानेश्वरी सिंह व अंजली चौधरी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान अर्जित किया है। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेमेतरा के अरविंद कुमार मानिकपुरी व योगेश्वर देवांगन ने क्रमशः चतुर्थ व पंचम स्थान अर्जित किया है । क्षेत्रीय केंद्र दुर्ग स्थित अध्ययन केंद्र के नरेश चंद्र देशमुख ने शष्टम, शासकीय महाविद्यालय छुईखदान के विजय कुमार ने सप्तम और शासकीय महाविद्यालय की जानकी साहू में अष्टम स्थान अर्जित किया है।



---

● भगवान परशुराम प्राकट्य उत्सव कार्यक्रम, द्विज एकता मंच ने किया आयोजन

# भगवान परशुराम प्रदत्त ज्ञान, बुद्धि व शक्तियों का प्रयोग विश्व कल्याण में करते रहें: देवेश

**विप्रजनों के आराध्य भगवान विष्णु के छठवे अवतार भगवान परशुराम प्राकट्य उत्सव शुक्रवार को बोरसी नर नारायण मंदिर समीप में वैदिक मन्त्रोंपचार के साथ मनाया गया।भगवान परशुराम के छायाचित्र व मूर्ति की पूजा,आरती कर सर्वमंगल कामना की गई। इस दौरान पूरा वातावरण जय जय परशुराम ब्राह्मण समाज की जय, ब्राह्मण एकता जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। चारों ओर विप्रजन खुशहाली उमंग उत्साह से सराबोर थे। एक-दूसरे को अपने इष्ट भगवान परशुराम के प्राकट्य होने की बधाई दे रहे थे।**

**दुर्ग।** एक संगोष्ठी विप्रजनो द्वारा आयोजित की गयी। देवेश मिश्रा राष्ट्रीय प्रमुख सनातन धर्म रक्षावाहिनी भारत एवं द्विज एकता मंच अध्यक्ष ने कहा कि भगवान परशुराम ने समूचे विश्व में व्याप्त बुराइयों और अत्याचारियों का अंत करने अवतार लिया था।

उन्होंने अपने ज्ञान तप बल पराक्रम और विवेक से सभी अत्याचारियों का समूल नाश किया और रामराज्य की स्थापना की। फलस्वरूप द्वापर युग में ही भगवान विष्णु के सातवे अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम राम अवतार हुआ। आज हम सभी ब्राह्मणों का कर्तव्य है कि भगवान परशुराम प्रदत्त, वंशानुगत प्राप्त अपने ज्ञान, बुद्धि, शक्ति, शस्त्र-शास्त्र का प्रयोग विश्व कल्याण, शांति, समृद्धि सनातन धर्म के रक्षार्थ करें। सभा को समाज प्रमुख स्वामी यज्ञानंद महाराज ने भगवान परशुराम के जीवन वृत्त की व्याख्या करते हुए निरंतर सभी ब्राह्मणों को जनसेवा व विश्व कल्याण अखंड भारत को समृद्ध करने कार्य करते रहने की प्रेरणा दी। सभा को अनीता तिवारी, अभिषेक शर्मा, सरिता मिश्रा, पिंकी झा, रानी उपाध्याय ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रसादी वितरण किया गया।इस दौरान ब्राह्मण समाज के अंजू शुक्ला,सचिन मिश्रा, लक्ष्मीकांत तिवारी, जेपी पाण्डेय,सुरेन्द्र शर्मा, विनय शर्मा,नरसिंह शर्मा,आर्येश मिश्रा, विश्वजीत शर्मा, अनुराग शुक्ला, सुरेन्द्र मोहन पाण्डेय, दिनेश तिवारी सहित ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित थे।




### परिणय सूत्र में बंधे जोड़े, सामाजिक संस्थाओं ने दिया आशीर्वाद



**भिलाई।** भिलाई भारत विकास परिषद एवं नारायणी इकाई भिलाई द्वारा सामूहिक सरल विवाह संपन्न कराया गया। ड्रीम सिटी से बारात निकली, चौहान ड्रीम होम से बारात निकली स्मृति नगर से होते हुए गुरुद्वारा गुरु नानक सर नेहरू नगर में ग्रंथि द्वारा बर्बधू को अरदास करके आशीर्वाद दिया। वहां से सभी जोड़ों सेक्टर-6 महेश्वरी भवन, गुरुद्वारा, जैन मंदिर में आशीर्वाद लेते हुए अग्रसेन भवन सेक्टर-6 में सभी जोड़ों का वैदिक मंत्रों के साथ विधिविधानपूर्वक शादी संपन्न कराया गया। इसमें समाज और संस्था के सदस्य उपस्थित थे। सामाजिक संस्थाओं से एवं व्यक्तिगत रूप से भी लोग आकर वर-वधु को आशीर्वाद स्वरुप भेंट प्रदान कर रहे थे। वर-वधु को पूरे वैवाहिक सिंगार का सामान, मंगलसूत्र , कपड़े, पायल ,अंगूठी बिछिया, इत्यादि सभी सामग्री दी गई। संस्थाओं द्वारा जो कुछ भेंट स्वरूप दिया गया वह भी प्रदान किया गया। वैवाहिक कार्यक्रम के संयोजक अनिल कुमार डागा ने बताया कि सामूहिक सरल विवाह करवाते हैं। जिसका उद्देश्य यह कि निर्धन कन्याओं का शुभ विवाह हो समाज के ऐसे लोगों को जोड़ा जाए जो चाहते हैं हम कन्यादान करें।

### विद्यार्थी ने बनाई भगवान परशुराम पर पेंटिंग



**भिलाई।** परशुराम जयंती पर शहर के मॉडर्न आर्ट चित्रकार डीएस विद्यार्थी ने माता रेणुका शीरच्छेद के मार्मिक दृश्य की पेन्टिंग का निर्माण किया है। कलाकृति में भगवान परशुराम के कुशाग्र बुद्धिमत्ता और मातृप्रेम को दिखाया गया है। विशिष्ठ कलाशैली में उनके द्वारा कृतियों के चित्रण को दक्षिण कोसल विमर्श के चित्रकारों ने सराहना की है। पेटिंग में दर्शाया है कि परशुराम के पिता परशुराम के साथ सभी भाइयों से माता का संहार करने कहते हैं लेकिन अपनी बुद्धिमत्ता से वे मां की रक्षा करते हैं। ललित कला अकादमी सृजन के लिए साधक समूह ने सराहना की है। पितृप्रेम की परीक्षा लेने के लिए पिता ने परशुराम से माता रेणुका के संहार को कहा। चारों भाईयों ने मना कर दिया लेकिन परशुराम ने फरशे से माता का शीरच्छेद कर दिया। पिता के आदेश को भगवान से भी ज्यादा मानने के कारण प्रसन्न होकर पिता जमदग्नि ने उन्हें मनचाहा वरदान मांगने को कहा। तब परशुराम ने अपनी माता को पुनर्जीवित करने कहा।

### राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज का आयोजन



**भिलाई।** राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज शुक्रवार को सेक्टर-6 जगन्नाथ मंदिर परिसर में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सभी ब्राह्मण समाज के बंधु उपस्थित थे। पूजा अर्चना में पंडित अभिलाष दीक्षित द्वारा संपन्न कराया गया। मुख्य यजमान में अरूण पंडा व उनकी पत्नी ज्योतिमय पंडा थे। विधि विधानपूर्वक पूजा ,आरती कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम पश्चात भोग भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें सभी विप्र समाज के लोगों ने इसमें उपस्थित होकर भोग भंडारा को ग्रहण किया गया। राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज के प्रदेश सचिव राकेश शुक्ला, भिलाई अध्यक्ष लक्ष्मीकांत तिवारी, महामंत्री अरविंद पांडे, सीपी शर्मा, सरयु पारीण ब्राह्मण समाज अध्यक्ष प्रभुनाथ मिश्रा, आंध्र ब्राह्मण समाज से वाईवीएस शर्मा, ओड़ीसा समाज से डॉ. परमानंद पाणिग्रही, मनोज मिश्रा, स्वीटी कौशिक, राधाकांत पांडेय, उमेश मिश्रा,ज्योति शर्मा, लता ऋषि चंद्राकर, डॉ. गणेश पांडे, कमल प्रकाश पाण्डे, लक्ष्मीनारायण विश्व, दिनेश पुरवार, आरती शर्मा, सरोज चौबे, विजया शुक्ला, गायत्री गोस्वामी, कांता शर्मा, यश शर्मा, रमेश शर्मा, सनत तिवारी, आरती तिवारी मनोज तिवारी, शशि तिवारी, रजनीकांत पांडे, गोविंद तिवारी, सौम्या पांडे, शशी भूषण मोहंती, अंजली चौधरी, धीरा रानी साहू, श्रवण शुक्ला, प्रशांत मिश्रा, रामामद शर्मा, अरविंद तिवारी ,टीवीएन राव अशोक पंडा, एम मल्लिकार्जुन, आरजे राजू, संदीप दीक्षित, नम्रता दीक्षित, अंजय दुबे, रमेश शर्मा, ज्ञानेश्वर शर्मा, पूनम शर्मा, शेषणारायण शर्मा, सुमन पुरोहित, आलोक बिहारीमिश्र, अर्चना मिश्रा रीनू शुक्ला चंद्र किरण मिश्रा, मंजू तिवारी उपस्थित थे। राष्ट्रीय सर्वब्राह्मण समाज अध्यक्ष लक्ष्मीकांत तिवारी ने दी।

### भगवान आदिनाथ के मंगल अभिषेक में सेक्टर-6 में उमड़े भक्तगण



**भिलाई।** अक्षय तृतीया के अवसर पर त्रिवेणी जैन तीर्थ पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर के मूल विधि और ऊपर की वेदी में शुक्रवार को भक्तों ने भक्ति भाव के साथ जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर देव 1008 से आदिनाथ भगवान ऋषभदेव भगवान के मंगल अभिषेक और शांति धारा किया। इस अवसर पर सैकड़ों भक्तों ने आदिनाथ भगवान के मंगल विधान पूजन शास्त्री अनिकेत जैन के अमृत वचनों द्वारा भक्तों ने भक्ति भाव के साथ पूजन विधान किया। जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान को आहार की विधि लगभग 400 दिन के पश्चात प्राप्त हुई थी। जिसमें उन्हें आहार के रूप में .इच्छू रस गन्ने का रस श्रेयांश राजा के द्वारा प्रथम आहार दिया गया था। अक्षय तृतीया को जैन धर्म में धार्मिक पूजन पाठ के साथ करते हैं। शांति धारा और अभिषेक करने वालों में ज्ञानचंद, सोमेश बाकलीवाल ,भारत जैन अंशुल सिंघई के साथ प्रवीण छाबड़ा, प्रदीप जैन बाकलीवाल, जिनेंद्र जैन, प्रतीक, नहर, वरुण जैन, संतोष जैन, सिंपी जैन, सुरेंद्र जैन, अखिलेश जैन, प्रशांत जैन, राकेश जैन, महेंद्र जैन आदि ने अभिषेक किया। सैकड़ों महिलाओं ने भक्ति भाव के साथ आदिनाथ भगवान के विधान मंडप पर श्रीफल समर्पित किया। जैन मंदिरों में आदिनाथ भगवान के मंगल अभिषेक पूजन भक्तों ने किया।

#### ये हुए शामिल

श्रद्धा, शोभित श्रेणी, हर्षित, सनाया, तिथि, निर्मित, ज्ञानवी, दोषी, साधना, प्रदीप जैन, सुनीता, अरुण जैन बाकलीवाल परिवार की ओर से भक्तों को इच्छू रस गन्ने का वितरण किया गया। पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर जैन मिलन प्रमुख महावीर जैन, दीपचंद जैन, अरविंद जैन, महावीर बेगानी, निर्मल कोचर, प्रशांत जैन, भागचंद जैन एवं प्रगति महिला मंडल की सदस्यों ने गन्ने का रस ग्रहण किया। श्रीकृष्ण गौशाला जीव रक्षा केंद्र दुर्ग में सैकड़ों महिलाएं और भक्तों ने गौ माता को गुड चना मुर्रा और हरी घास का वितरण करते हुए अन्य भी ग्रहण कराया।

---

'प्राइड ऑफ भारत-24' पुरस्कार से सम्मानित किया गया जयपुर में पांडुरंगा

# लकड़ी के चम्मच पर क्रिकेटरों के चेहरे उकेर, बनाया विश्व रिकॉर्ड

कार्नर न्यूज




**भिलाई।** भिलाई स्टील प्लांट के रिटायर अफसर और देश के प्रख्यात कार्टूनिस्ट बी वी पांडुरंगा राव लकड़ी के चम्मचों पर भारतीय क्रिकेटरों के 110 चेहरों को चित्रित कर के लिए इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, यूनिक वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और वर्ल्ड रिकॉर्ड्स इंडिया में शामिल होने का अनूठा सम्मान अर्जित किया है। इसके अलावा पांडुरंगा राव को कार्टून कला के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों और दूसरों को प्रेरित करने के लिए समाज में उनके महत्वपूर्ण पांडुरंगा राव ने अपनी इन उपलब्धियों को भिलाई बिरादरी को समर्पित किया है।




#### भिलाई बिरादरी ने किया प्रोत्साहित

दो दशक पहले भिलाई स्टील प्लांट से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के उपरांत राव अपने गृह ग्राम बैंगलुरू में रह रहे हैं। उन्होंने अपनी उपलब्धियों पर कहा है कि कार्टून व अन्य विधाओं को विकसित करने में उन्हें भिलाई स्टील प्लांट और भिलाई बिरादरी ने हमेशा प्रोत्साहित किया। इस वजह से आज वह राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपना योगदान दे पाए हैं। पांडुरंगा राव ने बताया कि उन्होंने वर्तमान क्रिकेटरों जैसे विराट कोहली, जसप्रित बुमराह, अर्शदीप सिंह, रवींद्र जड़ेजा आदि और पूर्व क्रिकेटरों जैसे सचिन तेंदुलकर, कपिल देव, सुनील गावस्कर, वीनू मांकड़, एनएके पटौदी, विजय मर्चेंट और लाला अमरनाथ के चेहरे लकड़ी के चम्मच पर उकेरे हैं।

#### बनाने में लगे 26 दिन

जिसमें प्रत्येक की लंबाई 16 इंच है। इसे बनाने में उन्हें पूरे 26 दिन लगे। सम्मान स्वरूप उन्हें इंडिया बुक ऑफ रिकॉड्र्स, यूनिक वर्ल्ड रिकॉड्र्स और वर्ल्ड रिकॉड्र्स इंडिया ने सर्टिफिकेट, मेडल और ट्रॉफी से सम्मानित किया है। एक अन्य जानकारी में 80 वर्षीय पांडुरंगा राव ने बताया कि लिए कला और संस्कृति की श्रेणी में प्रतिष्ठित आई कैन फाउंडेशन 'प्राइड ऑफ भारत' 24' पुरस्कार से उन्हें जयपुर में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया। क्रिकेटरों के चेहरे लकड़ी के चम्मच पर उकेरने के संबंध में पांडुरंगा राव ने बताया कि भिलाई में रहते हुए उन्होंने पूरे जुनून के साथ क्रिकेट खेला है और अंपायरिंग भी की है। इसलिए एक आदरांजलि स्वरूप क्रिकेटरों के चेहरे चम्मच पर बनाए हैं। उल्लेखनीय है कि पांडुरंगा राव ने 14 बार लिम्का बुक ऑफ रिकॉड्र्स, 13 बार इंडिया बुक ऑफ रिकॉड्र्स, 13 बार वर्ल्ड रिकॉड्र्स, यूआरएफ एशिया रिकॉड्र्स में अपना नाम दर्ज कराया है। उन्हें एशिया ग्रैंड मास्टर और यूआरएफ लीजेंड पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया है। उम्र के इस पड़ाव में भी वे पूरी ऊर्जा के साथ क्रिकेट और बैडमिंटन का लगातार अभ्यास करते रहते हैं और कार्टून, फ्लिप बुक, एनिमेशन व पेंटिंग सहित अन्य विधाओं में सक्रिय रहते हैं।

## सिटी इवेंट

# ग्यारह मौलिक कर्तव्यों से ग्रामीणों को कराया अवगत




**भिलाई।** भारती विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा शुक्रवार को गोदग्राम पीसेगांव तथा कोनारी में जनचैपाल लगाकर ग्रामवासियों को गांधी जीवन दर्शन तथा संविधान में उल्लेखित मौलिक कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी गई। गांधी जीवन दर्शन के अंतर्गत सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह जैसे गांधीवादी मूल्यों पर ग्रामवासियों के साथ विमर्श किया गया। वर्तमान विकट सामाजिक एवं राजनीतिक परिदृश्य में गांधीवादी मूल्यों पर चलकर ग्राम स्वराज के गांधी के स्वप्न को सरकार करने के संभावनाओं पर विमर्श किया गया। जिससे सामाजिक एवं मानवीय मूल्यों पर आधारित सामाजिक विकास को बढ़ावा मिल सके। मौलिक कर्तव्यों के प्रति जागरुकता अभियान के अंतर्गत संविधान में उल्लेखित 11 मौलिक कर्तव्यों के बारे में ग्रामवासियों को जागरूक किया गया। जिससे ग्रामीण समाज में संवैधानिक मूल्यों की प्रति समझ एवं स्वीकृति का दायरा बढ़े एवं सशक्त ग्रामीण समाज के निर्माण एवं विकास की ओर हम प्रगति करें। गोदग्राम पीसेगांव में ग्राम पंचायत सरपंच गुलाब बांधे के साथ विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों ने ग्रामीण विकास के विभिन्न मुद्दों पर बैठक का आयोजन किया एवं ग्रामवासियों के कल्याण एवं उत्थान के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। भारती विश्वविद्यालय एवं भारती आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, दुर्ग द्वारा 11 मई को पंचायत भवन पीसेगांव में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं सर्वेक्षण शिविर का आयोजन किया जाना। इसी बैठक में सुनिश्चित किया गया। उपरोक्त कार्यक्रमों का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी एवं गोद ग्राम समन्वयक डॉ. स्नेह कुमार मेश्राम द्वारा डॉ. रोहित कुमार वर्मा के विशेष सहयोग से किया गया।

- पीसेगांव व कोनारी में लगी जनचौपाल
- भारती विवि का आयोजन

## जागरूकता लाइव

# सामाजिक प्रयास में विद्यार्थियों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा



**भिलाई।** श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर-10 के छठी से नौवीं कक्षा के स्काउट्स एंड गाइड्स के छात्रों ने एक उल्लेखनीय सामाजिक पहल की। उन्होंने चुनाव के दिन प्याऊ (पीने का पानी) गतिविधि का आयोजन किया। जहां वे सभी मतदाताओं को ताज़ा मट्ठा और ठंडा पानी परोसा। आराध्या शर्मा, दीपशिखा दास, हर्षवर्धन तिवारी, मोहम्मद अयान खान, कुशाग्र सिंग तुमेराकी, शौर्य वर्मा, जीविका दुबे, मन्या त्रिपाठी, वंश साहू, इशाना त्रिपाठी, अर्ची शर्मा ने इस सामाजिक प्रयास में सक्रिय रूप से भाग लिया और इसकी सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। शाला के प्राचार्य बिपिन देशमुख ने समाज कल्याण के प्रति समर्पण के लिए छात्रों को प्रोत्साहित किया। अपने दिलों में उत्साह के साथ, छात्रों ने कार्यक्रम के सुचारू निष्पादन को सुनिश्चित करने के लिए लगन से काम किया। मतदाताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें मठा और ठंडा पानी परोसा। उन्होंने व्हील चेयर प्रदान करने और जरूरतमंदों तक पहुंचने में भी मदद की। उपस्थित मतदाता बहुत खुशी के साथ छात्रों के प्रयास की प्रशंसा की और उनकी कड़ी मेहनत के लिए अपनी सराहना की। प्रभारी-शांतनु कुमार, किशन सिंह, संचिता सक्सेना और प्रीति सिंह ने छात्रों को अमूल्य सहायता प्रदान की। एसएसवी के प्रबंधन ने भी छात्रों को उनके कार्यक्रम संचालन एवं सफलता के लिए उनका आभार और आशीर्वाद दिया। जैसे-जैसे दिन समाप्त होने लगा, मतदाताओं की संख्या में इज़ाफ़ा होता गया सभी ने छात्रों की मेहनत को सराहा और शाला प्रबंधन को बधाई दी।

- छात्र-छात्राओं द्वारा मठा व शीतल पेय वितरण
- शंकरा विद्यालय के स्काउट एंड गाइड की सराहना

## हेल्थ इवेंट

# स्थापना दिवस पर फ्री रहेगी सभी विभागों की ओपीडी




**भिलाई।** बीएम शाह हॉस्पिटल एवं मेडिकल रिसर्च सेंटर में 12 मई को 10वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा। बीएम हॉस्पिटल शाह भिलाई में श्रेष्ठ और अनुभवी डॉक्टर्स- सर्जनों की टीम जो कि लगातार आधुनिकता की ओर अग्रसर है। इस 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर 11 मई को सभी विभागों की ओपीडी फीस जिसमें- न्यूरोलॉजी, न्यूरो सर्जरी, कार्डियोंलॉजी, गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी, यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, प्लास्टिक सर्जरी, मेडिसीन, जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, हड्डी रोग, ईएनटी, प्रसूति एवं स्त्री रोग, शिशु रोग, नेत्र रोग, चर्म रोग, छाती एवं टीबी रोग, दंत रोग निः शुल्क रखी गई है। हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर- डॉ. जय कुमार तिवारी एवं डायरेक्टर ऑपरेशन- डॉ. अरुण कुमार मिश्रा, सीईओ- विमल कुमार ने कहा कि आम नागरिक से अपील की निः शुल्क शिविर का लाभ उठाएं।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग में 12 दिवसीय समर कैम्प का हुआ समापन

# एक श्रेष्ठ शिक्षा वही है जो विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार करे: यशपाल

**भिलाई।** दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग में शुक्रवार को 12 दिवसीय समर कैंप का रंगारंग समापन हुआ। समर कैंप में स्कूली बच्चों को विभिन्न गतिविधियों, खेल, कला का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण लेने वाले स्कूली बच्चों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। इस कैंप में सैकड़ों बच्चे लाभान्वित हुए। शुक्रवार को डीपीएस दुर्ग के बहुउद्देशीय सभागार में समर कैम्प 2024 का समापन समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र और योग से हुआ। प्रतिभागी कैम्पर्स ने कैम्प के दौरान सीखी गई समस्त गतिविधियों-कलाओं का आकर्षक प्रदर्शन किया । समर कैम्प के दौरान छात्रें ने योग, मेडिटेशन, मार्शल आट्र्स, एरोबिक व जुम्बा, स्पोकन इंग्लिश, ड्रांइग व पेंटिग, कम्प्यूटर व एनिमेशन, मूर्तिकला, घुड़सवारी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, टेबल–टेनिस, बैंडमिंटन एवं तैराकी आदि कलाओं का प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों एवं उनके अभिभावकों ने विद्यालय द्वारा आयोजित समर कैम्प की भूरि-भूरि प्रशंसा की।












### प्रतिभागियों को दिया प्रमाण पत्र

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य यशपाल शर्मा एवं सीनियर मास्टर आरसी द्विवेदी एवं एकेडमिक कोआरडीनेटर सादिया फारूकी, सपना चौधरी व नवनीत रेखी ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। समापन के अवसर पर प्राचार्य यशपाल शर्मा ने कैम्प में भाग लेने वाले समस्त छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों तथा शिक्षकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्हें आश्वस्त किया कि भविष्य में भी विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास के लिए इस प्रकार के सहशैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि शिक्षा को मात्र पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं रखना चाहिए। एक श्रेष्ठ शिक्षा वहीं है जो विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार करें और उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनाए।






## ब्रह्मकमल...



**भिलाई।** टाउनशिप सेक्टर-1 निवासी ब्लाक 19 बी क्रास स्टीट-1 अनिता देवी के घर में पहली बार ब्रह्मकमल का फूल खिला। यह एक दुर्लभ फूल है। जो रात के समय ही खिलता है। *(फोटो संजय पांडेय)*

## छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

# सूक्ष्मजीव विज्ञान के विद्यार्थियों ने अक्षयपात्र में देखी भोजन की गुणवत्ता



**भिलाई।** स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय हुडको, भिलाई के सूक्ष्मजीवविज्ञान के विद्यार्थियों ने एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम सेक्टर-6 अक्षयपात्र में किया। शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्रों में जीवाणु रहित गुणवत्ता युक्त भोजन की जानकारियों से अवगत कराना था। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. शमा ए. बैग विभागाध्यक्ष सूक्ष्मजीवविज्ञान ने बताया शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थी प्रायोगिक ज्ञान प्राप्त करते हैं। महाविद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. दीपक शर्मा ने विज्ञान विभाग की इस पहल को छात्रों के लिये लाभकारी बताया एवं प्रशंसा की। प्राचार्य डॉ. हंसा शुक्ला ने विषय के व्यवहारिक ज्ञान हेतु शैक्षणिक भ्रमण को आवश्यक बताया। छात्रों ने सेक्टर-6 भिलाई स्थित अक्षयपात्र में स्टीम विधि द्वारा भोजन का निर्माण सब्जियों को साफ करने में मशीन के प्रयोग के बारे में जानकारी प्राप्त की। भोजन के निर्माण से ले के स्कूलों में भोजन के वितरण तक हर जानकारी विद्यार्थियों ने प्राप्त की। भोजन का परीक्षण करना और भोजन के पैकेजिंग के बारे में भी जाना। छात्रों ने अक्षय पात्रा का रसोई घर, स्टोरग्रह, गुणवत्ताग्रह, गौशाला का भी भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने अक्षय पात्रा के मंदिर में श्रीकृष्ण एवं श्रीराधा रानी के दर्शन किये। मध्यान्ह भोजन के प्रभारी ने भगवत गीता के बारे में बताते हुए छात्रों को नैतिक मूल्यों के साथ जीवन जीने की राह बताई। इस शैक्षणिक भ्रमण में एमएससी माइक्रोबॉयोलॉजी के छात्र-छात्राएँ सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में योगिता लोखण्डे स.प्रा. तथा समीक्षा मिश्रा स.प्रा. सूक्ष्मजीवविज्ञान का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## कॉलेजों में कैंपस प्लेसमेंट का दौर शुरू

# चयनित विद्यार्थियों को कंपनियों का मैनेजमेंट समझाया, स्ट्रेस रिलीफ के दिए गए टिप्स



कार्नर न्यूज

**भिलाई।** संतोष रूंगटा ग्रुप ऑफ कॉलेजेस (रूंगटा आर-1) में शुक्रवार को वर्क स्पेस में स्ट्रेस मैनेजमेंट पर कार्यशाला कराई गई। एम्स रायपुर की पूर्व मेडिकल ऑफिसर व लाइफ कोच डॉ. गायवी वी मेश्राम बतौर वक्ता शामिल हुईं। यह कार्यक्रम कोप आरएसडीसी क्लब ने कराया। कॉलेज में कैंपस प्लेसमेंट का दौर शुरू है, ऐसे में जो विद्यार्थी अपने कॅरियर का सफर शुरू कर रहे हैं, उनको ऑफिस के कामकाज व स्ट्रेस का निपटारा करना आना चाहिए। विद्यार्थियों को यही समझाना इस कार्यशाला का मकसद रहा।



### एक्सपर्ट ने छात्रों को दी सलाह

नई ज्वाइनिंग से पहले एक्सपर्ट ने छात्रों को सलाह दी कि जिस भी कंपनी में जाएंगे वहां समय प्रबंधन सबसे अहम है क्योंकि एंपलॉयर शुरुआती दिनों में आपको दिए गए प्रोजेक्ट का टाइम मैनेजमेंट जरूर देखेगा। एक्सपर्ट ने कहा कि किसी भी कंपनी में इंप्लाई और एंप्लायर के बीच सही कम्युनिकेशन आगे का सफर आसान बनाता है। आपका काम एंप्लायर को साबित करना भी एक कला है। इसका श्रेय तभी आपको मिलता है। यदि आप एंप्लायर को अपना काम साबित नहीं कर पाएंगे तो यह स्ट्रेस का कारण बनेगा। कार्यक्रम में डॉ तृप्ति शर्मा का योगदान रहा।

### ऐसे दूर भागेगा तनाव

इस कार्यशाला में टेक्नोक्रेट्स के साथ इंजीनियरिंग, फार्मेसी और साइंस की फैकल्टी भी शामिल रहीं। एक्सपर्ट ने बताया कि पूरे दिन वर्क शेड्यूल को आसान बनाने के लिए रिलीफ मैनेजमेंट पर भी जोर देना जरूरी है। पूरे दिन के काम के बीच तनाव कम करने और फोकस बढ़ाने के लिए बीच बीच में गहरी सांस लेना और छोड़ना अच्छा अभ्यास है। इसके अलावा पूरे दिन में छोटे-छोटे ब्रेक भी लिए जा सकते हैं, जिससे दिमाग को आराम मिलेगा। एक्सपर्ट ने आगे कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन का अधिकांश हिस्सा काम में गुजार देता है। ऐसे में खुद को फिट रखने के लिए संतुलित सहज आहार लेना बहुत जरूरी है। दिन में भले ही आधे घंटे के लिए व्यायामं की जरूरत भी शरीर को होती है। इससे मन प्रसंन्न रहता है और तनाव आसपास भी नहीं फटकता।

### लाइफ में ब्रेक भी है जरूरी

एक्सपर्ट डॉ. मेश्राम ने कहा कि लगभग सभी संस्थानों में एचआर सेवाओं में तनाव प्रबंधन पर काम होता है। कई संस्थान स्ट्रेस मैनेजमेंट करने की कोशिश में काउंसलर्स की सेवाएं भी देते हैं। ऐसे में बतौर इंप्लाई ये सेवाएं जरूर लें। काउंसलर की सेवाएं लेने में संकोच न करें। तनाव का शीघ्र पता लगाने से इसे आगे बढने से रोका जा सकता है। एक तय समय में आप क्या हासिल कर सकते हैं इसके बारे में अधिक सोचने से आप तनाव के दायरे में आते जाएंगे। इसके अलावा कुछ महीने काम करने के बाद कुछ दिनों का ब्रेक जरूर लें।

## सिटी स्पोर्ट्स

### एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में रेलवे की पूनम ने जीता स्वर्ण पदक



**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर की महिला बॉक्सिंग खिलाड़ी पूनम ने फिर अपने देश का परचम पूरे विश्व में लहराया है। 27 अप्रैल से 07 मई तक कजाकिस्तान के अस्ताना में आयोजित एएसबीसी एशियन अंडर-22 और यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत देश का प्रतिनिधित्व करते हुए पूनम ने स्वर्ण पदक हासिल किया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महिला बॉक्सिंग खिलाड़ी पूनम दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय, बिलासपुर के अकाउंट विभाग में अकाउंट असिस्टेंट के पद पर कार्यरत है। इससे पहले भी पूनम कई बार राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के बॉक्सिंग प्रतियोगिताओं में देश एवं भारतीय रेलवे का परचम लहरा चुकी है।दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा हमेशा से खेल एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहन दिया जाता रहा है। इसी का परिणाम है कि आज विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ी देश एवं भारतीय रेलवे के साथ ही साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का भी नाम रोशन कर रहे है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महिला बॉक्सिंग खिलाड़ी पूनम को अंतराष्ट्रीय स्तर की बॉक्सिंग प्रतियोगिता में उनके शानदार प्रदर्शन एवं उपलब्धि पर महाप्रबंधक द्वारा बधाई दी गई है तथा भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया गया ।

### एमएमए चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ सहित 10 टीम सेमीफाइनल में



**रायपुर।** बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में हो रहे पांच दिवसीय मिस्क्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) नेशनल चैंपियनशिप के आज तीसरे दिन क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया।जिसमें टॉप 10 ने सेमी फाइनल में जगह बना ली है।जिसमे महाराष्ट्र, जम्मू एंड कश्मीर, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, मणिपुर, तेलंगाना, कर्नाटक, दिल्ली और असम है। टूर्नामेंट में पूरे भारतवर्ष से 28 राज्यों से टीम ने भाग लिया है। जिसमे 200 महिला और 400 पुरुष खिलाड़ियों को मिलाकर लगभग 600 खिलाड़ी अपना दमखम दिखा रहे हैं। रोजाना तीनो रिंग में 200 मैच प्रतिदिन हो रहे हैं। ऑफिशियल के रूप में भारत के 50 से अधिक वेल ट्रेंड कोच और जज कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे हैं।

### वृहद् संभागीय शतरंज स्पर्धा का मेज़बान होगा जगदलपुर



**रायपुर।** जिला शतरंज संघ बस्तर द्वारा 28-29-और 30 जून को संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन निर्धारित किया गया है। 7 मई को आयोजित जिला शतरंज संघ बस्तर की बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी मार्गदर्शन करने हेतु जगदलपुर प्रवास पर आए थे। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से बस्तर में शतरंज को आगे बढ़ाने और यहां के बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलना चाहिए. इसके लिए उन्होंने आन लाईन शतरंज प्रशिक्षण को प्रोत्साहित करने की भी बात कही और श्रेष्ठ दस बच्चों को आन लाईन प्रशिक्षण हेतु चयन करके नाम भेजने हेतु निर्देशित किया।राठी ने बताया कि प्रशासन भी बस्तर और सरगुजा संभाग के लिए विशेष मदद करने हेतु सदैव तत्पर और तैयार रहता है । और इसलिए जगदलपुर में एक बहुत अच्छा संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 28,29और 30जून को आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में प्रशासन का भी भरपूर सहयोग प्राप्त होगा, ऐसा उन्होंने विश्वास जताया। उन्होंने कहा कि बस्तर जिले से बाहर से आने वाले प्रतिभागियों को आने जाने, ठहरने और भोजन की व्यवस्था नि-शुल्क रहेगी।उन्होंने जगदलपुर से अयाज़ चामड़िया ,राजेश जेना और रविंद्र कुलगुरु के आर्बिटर परीक्षा उत्तीर्ण होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आर्बिटर का सहयोग महत्वपूर्ण होता है क्योंकि इनके ऊपर प्रतियोगिता को सफलता पूर्वक सम्पन्न करने की महती जिम्मेदारी रहती है. उन्होंने बताया प्रदेश शतरंज संघ भी प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु नेशनल आर्बिटर की व्यवस्था करेगा और उन्हीं की निगरानी और मार्गदर्शन में संपूर्ण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।अंडर 19 आयु वर्ग के बस्तर संभाग के बच्चों के लिए यह अपनी प्रतिभा सामने लाने का सुनहरा अवसर होगा । यह ओपन प्रतियोगिता भी है अर्थात इसमें हर आयु वर्ग के पुरुष और महिलाएं भाग ले सकती हैं। आयु वर्ग में अंडर 7, अंडर 9,अंडर 11, अंडर 13, अंडर 15,तक की बालिका विजेताओं को विशेष पुरस्कार और ट्राफी प्रदान की जाएगी।

## इस मौसम में सेहत को लेकर बरतें बेहद सावधानी

# गर्मी से कोई हो जाए बेहोश तो बिल्कुल न करें ये गलती वरना बिगड़ सकती है सेहत

देश के अधिकतर राज्य इन दिनों भीषण गर्मी-लू की चपेट में हैं। बढ़ते तापमान को स्वास्थ्य विशेषज्ञ सेहत के लिए काफी हानिकारक मानते हैं। गर्मी-लू के कारण ब्लड प्रेशर लो होने के साथ, हृदय गति में परिवर्तन, बेहोशी-चक्कर आने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। गर्मी और तेज धूप की चपेट में आने के कारण आपने भी कई लोगों में बेहोशी और चक्कर आने जैसे मामलों के बारे में जरूर सुना और देखा होगा। अक्सर ऐसे लोगों को समय पर सही उपचार नहीं मिल पाता है जिसके कारण सेहत के और खराब होने का खतरा हो सकता है। भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने इन्हीं बातों को ध्यान रखते हुए हीटवेव से निपटने के लिए जरूरी दिशानिर्देश जारी किए हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा यदि आपको या किसी को धूप लगने के कारण चक्कर आ रहा है तो उन्हें कुछ प्राथमिक चिकित्सा दी जानी चाहिए, जिससे लक्षणों को बिगड़ने से बचाया जा सके। हालांकि बेहोशी की स्थिति में कुछ चीजें करने से सेहत को नुकसान भी हो सकता है। आइए इस बारे में जानते हैं।



### चक्कर आने-बेहोशी से कैसे बचें

डॉक्टर द्वारा दिए गए कुछ सुझावों का पालन करके गर्मियों में चक्कर आने-बेहोशी से बचा जा सकता है।पर्याप्त मात्रा में पानी पीना सुनिश्चित करें। पानी से भरपूर फलों-सब्जियों का भी सेवन जरूर करें। अत्यधिक चाय या कॉफी पीने से बचें। इनसे निर्जलीकरण का खतरा हो सकता है।ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन) लेते रहें। शरीर के तरल पदार्थों को जल्दी से पूरा करने में इससे मदद मिल सकती है। गर्मियों में नारियल पानी और नींबू पानी जैसे पेय का सेवन जरूर करते रहें।जितना संभव हो सके सूरज के संपर्क में आने से बचें, खासकर दोपहर के दौरान। सूती, ढीले-ढाले और हल्के कपड़े पहनें।



### वायुमार्ग-सांस न होने पाए बाधित

बेहोश व्यक्ति के वायुमार्ग में कोई समस्या न आए और वो सही तरीके से सांस लेता रहे इसके लिए ठुड्डी को ऊपर उठाकर और सिर को एक तरफ थोड़ा झुका दें। सुनिश्चित करें कि बेहोश व्यक्ति अच्छी तरह से सांस ले रहा हो। यदि उसे सांस लेने में कोई दिक्कत है तो आवश्यकतानुसार सीपीआर दी जा सकती है। सामान्य उपचारों की मदद से भी यदि लक्षणों में कोई आराम नहीं मिल रहा है और व्यक्ति होश में नहीं आ रहा है तो बिना देर किए उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाएं।

### गर्मी के कारण बेहोशी-चक्कर आने पर क्या करें?

स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक्स पर किए एक पोस्ट में बताया गर्मी के कारण बेहोशी-चक्कर आने जैसी दिक्कत महसूस हो रही है तो सबसे पहले शरीर को निर्जलीकरण की समस्या से बचाने के लिए पानी पिलाएं। संभव हो तो कपड़े उतार दें और तुरंत ठंडे स्थान पर जाएं। बेहोशी-चक्कर आने के अधिकतर मामले शरीर के डिहाइड्रेट होने और शरीर का तापमान सामान्य से अधिक हो जाने के कारण होते हैं। ऐसे में इन उपायों से काफी हद तक आराम मिल सकता है।

### बेहोश व्यक्ति को न पिलाएं पानी

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ध्यान रहे बेहोश व्यक्ति कुछ भी निगलने में असमर्थ होता है, ऐसे में उसे जबरदस्ती कुछ भी खिलाने-पिलाने से बचना चाहिए। बेहोशी की स्थिति में भोजन या तरल पदार्थ पेट के बजाय फेफड़ों तक पहुंच सकते हैं, जिससे श्वसन संबंधी परेशानी बढ़ने का खतरा रहता है। बेहोश व्यक्ति के हृदय गति और ब्लड प्रेशर की जांच करें, अगर ये बहुत बढ़ा हुआ या कम लग रहा है तो तुरंत उसे डॉक्टर के पास ले जाना चाहिए।




# बार-बार स्किप नहीं होगा जिम, बस अपनाएं ये छोटे-छोटे टिप्स

फिट रहने के लिए अक्सर हम सभी जिम की मेंबरशिप तो ले लेते हैं और दो दिन जिम जाते भी हैं। लेकिन फिर जिम स्किप होने लगता है। अगर आपके साथ ऐसा हो रहा है तो आप कुछ छोटे-छोटे टिप्स अपनाएं।

कहते हैं पहला सुख निरोगी काया। मतलब व्यक्ति के लिए बेहद जरूरी है कि वह स्वस्थ रहे और इसके लिए खान-पान के साथ-साथ वर्कआउट भी करना चाहिए। कई बार यह देखने में आता है कि लोग खुद को फिजिकली फिट रखने के लिए जिम की मेंबरशिप ले लेते हैं। शुरुआत में, उनके मन में बहुत अधिक उत्साह होता है और वे जोश में जिम जाते भी हैं। लेकिन कुछ दिनों के बाद वे जिम स्किप करना शुरू कर देते हैं और ऐसा बार-बार होने लगता है।

हम सभी सोचते हैं कि कल से जिम रेग्युलर जाएंगे, लेकिन ऐसा हो ही नहीं पाता है। अमूमन इस स्थिति में हम खुद से ही झूठ बोलने लगते हैं या फिर कोई बहाने बनाते हैं। हालांकि, ऐसा करने से फिटनेस गोल्स को पूरा कर पाना असंभव हो जाता है। अगर आपके साथ भी ऐसा ही कुछ हो रहा है, तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे कुछ तरीके बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप जिम स्किप करने से बच सकते हैं-

### बनाएं जिम पार्टनर



अगर आपको ऐसा लगता है कि आप अपना जिम बार-बार स्किप करते हैं तो अपनी इस आदत को रोकने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप किसी को अपना जिम पार्टनर बना लें। जब आप ऐसा करते हैं तो सामने वाला व्यक्ति आपको जिम स्किप करने से रोकता है। अगर आप छुट्टी लेंगे तो वह आपको कॉल करके भी बुला लेगा। इससे आपकी आदत धीरे-धीरे बदल जाएगी।

### बदलें टाइम

अधिकतर लोगों का जिम ना जाने का यही बहाना होता है कि उनके पास टाइम नहीं होता है। अगर आप शाम को ऑफिस से लौटकर जिम जाने का प्लॉन करते हैं तो यह संभव है कि आप बहुत थक गए हों और जिम स्किप कर दें। ऐसे में आप अपना टाइम बदलें। अगर आपकी दय से छह की जॉब है तो आप सुबह 5 बजे जिम जाने का नियम बनाएं। जब आप अपने शेड्यूल को सही तरह से सेट करते हैं तो जिम स्किप करने की संभावना ना के बराबर हो जाती है।

### पर्सनल ट्रेनर को करें हायर


अगर आपको ऐसा लगता है कि आप खुद से वर्कआउट के लिए मोटिवेट नहीं हो पाते हैं या फिर बार-बार जिम स्किप करते हैं तो ऐसे में पर्सनल ट्रेनर को हायर करना अच्छा आइडिया है। एक पर्सनल ट्रेनर आपको सिर्फ सही तरह से वर्कआउट करने में ही मदद नहीं करता है, बल्कि वह आपको लगातार मोटिवेट भी करता है, जिससे आप जिम स्किप नहीं करते हैं। साथ ही साथ, वे आपके फिटनेस गोल्स और फिजिकल स्ट्रेन्थ को समझते हुए वर्कआउट करवाते हैं, जिससे आपको अच्छे रिजल्ट भी मिलते हैं।

### इंटेसिटी का रखें ध्यान

कई बार लोग शुरुआत में बेहतर रिजल्ट पाने के चक्कर में बहुत अधिक इंटेंस वर्कआउट करते हैं। हालांकि, ऐसा करने से उन्हें चोट लग जाती है या फिर बहुत अधिक बॉडी पेन होता है और वे जिम स्किप कर देते हैं। इसलिए आप इस बात का खास ध्यान रखें कि आप हैवी वर्कआउट करने से बचें।



# वैशाख माह में सूर्य देव को किस धातु के बर्तन से करें जल अर्पित?



हिन्दू धर्म में सूर्य को अर्घ्य देने का बहुत महत्व माना जाता है। सूर्य को अर्घ्य देने से घर में सुख-समृद्धि का वास स्थापित होता है। हालांकि शास्त्रों में सूर्य को अर्घ्य देने से जुड़े कई नियम बताये गए हैं। अगर इन नियमों की अनदेखी की जाए तो इससे कुंडली में सूर्य की स्थिति कमजोर होने लगती है और दुर्भाग्य जाग जाता है। इसलिए इन नियमों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। इसके अलावा, किस माह में सूर्य को किस धातु के बर्तन से अर्घ्य देना चाहिए इसके बारे में भी शास्त्रों में वर्णित है। ऐसे में ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स से आइये जानते हैं कि विशाख माह में सूर्य को किस धातु के बरता से अर्घ्य देना उचित होता है।

### वैशाख माह में कैसे बर्तन से दें सूर्य को अर्घ्य?

धर्म शास्त्रों के अनुसार, यूं तो शास्त्रों में सूर्य को तांबे के बर्तन से जल देना शुभ और लाभकारी माना गया है, लेकिन वैशाख माह में सूर्य को अष्ट धातु से बने बर्तन से ही अर्घ्य देना चाहिए। अष्ट धातु से बने बर्तन में सोना, चांदी, तांबा, सीसा, जस्ता, टिन, लोहा और पारा सभी धातुओं का मिश्रण होता है।

अष्ट धातु के बर्तन से सूर्य को वैशाख माह में अर्घ्य देने से न सिर्फ सूर्य की कृपा प्राप्त होती है और भाग्य साथ देने लगता है बल्कि अष्ट धातु में मिश्रित हर एक धातु से जुड़े ग्रह का भी शुभ प्रभाव नजर आने लगता है। उदाहरण के तौर पर, सोने का नाता सूर्य से है। ऐसे में सूर्य की शुभता मिलेगी।

वहीं, चांदी का नाता चंद्रमा से माना जाता है। अष्ट धातु में मिश्रित चांदी के प्रभाव से चंद्रमा की स्थिति कुंडली में मजबूत बनती है। निर्णय लेने की क्षमता व्यक्ति में बढ़ती है। मानसिक तनाव से भी छुटकारा मिलता है। इसके अलावा, तांबे का ग्रह मंगल है जिससे वैअवाहिक जीवन में खुशहाली आएगी।

# घर का मुख्य द्वार खोलने पर दिखें ऐसी चीजें तो हो सकता है वास्तु दोष



हम सभी अपने घर के भीतर और बाहर आने वाली किसी भी नकारात्मक ऊर्जा से बचने के लिए कई तरह के उपाय आजमाते हैं। ऐसा माना जाता है कि यदि आपके घर में कोई भी वास्तु दोष है तो आपके काम बिगड़ने लगते हैं और मेहनत का पूरा फल भी नहीं मिलता है। घर की समृद्धि के लिए वास्तु का ठीक होना जरूरी है। खासतौर पर जब आपके घर के मुख्य द्वार पर ही चीजें ठीक से नहीं रखी जाती हैं तो जीवन में बेवजह समस्याएं आने लगती हैं। वहीं अगर आपके मुख्य द्वार के ठीक सामने कुछ चीजें रखी होती हैं या फिर दरवाजा खोलते ही सामने कुछ नकारात्मक चीजें दिखाई देती हैं तो ये आपके जीवन में विपरीत प्रभाव डाल सकती हैं। आइए ज्योतिर्विद पंडित रमेश भोजराज द्विवेदी से जानें इसके बारे में विस्तार से।

### घर के सामने कचरे का ढेर होना

अगर आपका मुख्य द्वार का दरवाजा खोलते ही सामने कचरे का ढेर दिखाई देता है तो ये नकारात्मक संकेत होता है। ऐसा माना जाता है कि ये नकारात्मक ऊर्जा का स्त्रोत होता है। यदि ये ढेर आपके घर के ठीक सामने होगा तो घर से बाहर निकलते ही आपके मन में नकारात्मक बातें आने लगेंगी जिसका प्रभाव आपके काम में भी होगा और आपके बनते काम भी बिगड़ने लगेंगे।

### घर के सामने कांटेदार पौधे होना

घर के सामने कभी भी कांटेदार पौधे नहीं लगे होने चाहिए जैसे कैक्टस अगर आपके मुख्य द्वार के ठीक सामने लगा है तो इससे घर के लोगों को मानसिक तनाव हो सकता है। इस तरह के घर में बिना वजह तनाव होते हैं और घर के सभी लोग परेशानियों से घिरे रहते हैं।

**कार्नर न्यूज**

## घर में कुछ बदलाव कर आप अपने कमरे को दे सकती हैं एक नया लुक

# गर्मी के मौसम में ऐसे करें घर का मेकओवर, हर कोई करेगा तारीफ

वर्तमान समय में लोग अपने घर को त्योहार और मौसम के हिसाब डेकोरेट और सेट करना पसंद करते हैं। खासतौर से गर्मी के मौसम में घर को अलग तरीके से सेट करना जरूरी होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस मौसम में घर से जल्दी बदबू आने लगती है। इस मौसम में अगर आप अपने घर को सही तरीके से सेट करके रखेंगी, तो इस समस्या का सामना करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस लेख में आज हम आपको कुछ ऐसे मेकओवर आइडिया के बारे में बताने जा रहे हैं जिनकी मदद से आप गर्मी के हिसाब से इसे डेकोरेट कर सकती है।



### नेचुरल लुक पसंद करने वाले करें ये काम

अगर आपको नेचुरल लुक पसंद है तो फूल पत्तियों के प्रिंट वाले कॉटन कुशन, सोफा कवर और टेबल कवर बिछाएं। इसके अलावा कमरे को और आकर्षक बनाने के लिए दीवारों पर प्रिंटेड कॉटन कर्टन लगाएं।

### कमरे में लगाएं सीजनल प्लांट्स

घर को प्राकृतिक लुक देने के लिए घर के अंदर और चारों ओर पत्तेदार पौधे लगाएं। इंडोर प्लांट्स घर के इंटीरियर लुक को बढ़ाने का काम करता है। प्लांट नेचुरल एयर फिल्टर की तरह काम करते हैं, जो घर की वायु को शुद्ध रखते हैं। फर्न्स और ऑर्किड्स जैसे प्लांट को आप बालकनी और घर में लगा सकती हैं।

### सुगंधित मोमबत्ती का करें इस्तेमाल

अच्छी सुगंध हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करने का काम करती है। ऐसे में आप अपने कमरे व घर में सुगंधित मोमबत्ती का इस्तेमाल कर सकती हैं। गर्मी के मौसम में अगर आप कमरे में ताजगी और प्यारी सी सुंगध चाहते हैं, तो फ्रेग्रेंस कैंडल का यूज करें।

### पर्दा और ब्लाइंड का करें यूज

गर्मी के मौसम में कमरे बहुत ज्यादा गर्म होने लगते हैं। इससे बचने के लिए आप पर्दे और ब्लाइंड का उपयोग कर सकते हैं। ये दोनों चीजें सूरज की किरणों को कमरे में आने से रोकती है, जिससे हवा की मदद से गर्म लू अंदर नहीं आती है। इसके अलावा पर्दा लगाते समय उनके फैब्रिक का खास ध्यान दें।

### मोटे कालीन का न करें इस्तेमाल

सर्दियों में हम सभी ठंड से बचने के लिए कालीन का इस्तेमाल करते हैं। ये कालीन ठंड के साथ-साथ घर के लुक में चार-चांद लगाने का काम करते हैं। अगर आप अभी भी इन कालीन को बिछा कर रखा हुआ है तो इन्हें बदल दें। इनकी जगह पतले और हल्के कालीन का उपयोग करें।



फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

## स्टीवन स्पीलबर्ग का अगला प्रोजेक्ट आएगा एक कालजयी उपन्यास पर

स्टीवन स्पीलबर्ग हॉलीवुड इंडस्ट्री का एक बड़ा नाम हैं। उनकी फिल्मों का एक बहुत बड़ा प्रशंसक वर्ग है। हाल ही में निर्देशक को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। एक रिपोर्ट के अनुसार ए24 और स्टीवन स्पीलबर्ग की एंबलिन एंटरटेनमेंट एक साथ मिलकर जेम्स मैकब्राइड के उपन्यास द हेवन एंड अर्थ ग्रोसरी स्टोर पर एक फिल्म बनाने जा रहे हैं। फिलहाल वे इसकी कहानी को विकसित कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक यह फिल्म अभी बहुत शुरुआती चरण में है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि स्पीलबर्ग इस फिल्म का निर्देशन नहीं करेंगे। वे केवल इसका निर्माण करेंगे। फिलहाल, इस पर ए 24 की ओर से कोई टिप्पणी नहीं की गई है।





मैकब्राइड का उपन्यास 1920 और 1930 के दशक में पॉट्सटाउन पेंसिल्वेनिया के चिकन हिल के पड़ोस में रहने वाले अश्वेत और यहूदी निवासियों की कहानी बयां करता है। इस उपन्यास की काफी सराहना हो चुकी है। एनपीआर की ओर से इसे 2023 की सर्वश्रेष्ठ पुस्तकों में से एक बताया गया था। वहीं, यह पूर्व राष्ट्रपति ओबामा की 2023 की उनकी पसंदीदा पुस्तकों की सूची में भी शामिल थी। मैकब्राइड की यह कहानी अश्वेत और यहूदी निवासियों के जीवन को जटिल रूप से एक साथ जोड़ती नजर आती है। कहानी 1972 में एक खोज की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसकी शुरुआत एक कुएं की गहराई से एक कंकाल का पता लगने से होती है।

## टॉलीवुड

## 'डीएनए' का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी, नेल्सन की कारीगरी ने किया हैरान

अथर्व के जन्मदिन के अवसर पर उनकी आगामी फिल्म के निर्माताओं ने फैंस को बड़ा तोहफा दिया है। निर्माताओं ने मुख्य जोड़ी, अथर्व और निमिषा सजयन के साथ फिल्म 'डीएनए' का फर्स्ट-लुक पोस्टर जारी कर दिया है। दोनों कलाकार एक-दूसरे को गले लगते हुए बेहद कोमल मुद्रा में नजर आ रहे हैं, जबकि पोस्टर के दूसरे हिस्से में अथर्व का गुस्से वाला लुक देखने को मिला है। पोस्टर की थीम एक मजबूत क्राइम थ्रिलर की ओर इशारा करती है, जिसकी पृष्ठभूमि में एक प्रेम कहानी है। कुल मिलाकर, दर्शक एक दिलचस्प क्राइम थ्रिलर का इंतजार कर रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि पोस्टर में एक टैगलाइन भी है जिसमें लिखा है, 'दो धागे एक-दूसरे के चारों ओर घूमकर एक मुड़ी हुई सीढ़ी बनाते हैं।' पोस्टर और इसकी टैगलाइन ने प्रशंसकों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है। इस देखने के बाद दर्शकों के जहन में सवाल उठने लगा है कि क्या यह एक टेढ़ी-मेढ़ी बदले की कहानी है? या, जैसा कि शीर्षक से पता चलता है, क्या यह एक और मेडिकल क्राइम थ्रिलर है? 'ओरु नाल कुथु', 'फरहाना' और 'मॉन्स्टर' फेम नेल्सन वेंकटेशन द्वारा लिखित और निर्देशित 'डीएनए' को एक क्राइम थ्रिलर माना जा रहा है। फिल्म जयंती अंबेथकुमार द्वारा निर्मित है, जिन्होंने पहले 2023 की हिट कविन अभिनीत दादा का निर्माण किया था। निर्माताओं ने अभी तक बाकी कलाकारों की घोषणा नहीं की है। हालांकि, अभिनेता रमेश थिलक को फिल्म का हिस्सा बताया जा रहा है। तकनीकी मोर्चे पर, फिल्म की सिनेमैटोग्राफी पार्थिबन द्वारा और संपादन वीजे साबू जोसेफ द्वारा किया गया है। जल्द ही रिलीज डेट की घोषणा की जाएगी। फिल्म के बारे में बात करते हुए, निर्देशक नेल्सन ने खुलासा किया कि अथर्व फिल्म में एक नए लुक में हैं। फिल्म निर्माता ने खुलासा किया, 'फिल्म में अथर्व एक नए लुक में नजर आएंगे, जो फिल्म के आश्चर्यों में से एक होगा।' नेल्सन ने कहा, 'उनका किरदार थोड़ा अपरंपरागत है और कुछ ऐसा होगा जो हमने पहले अपनी फिल्मों में नहीं देखा है।' उन्होंने यह भी बताया कि यह पहली बार है जब उन्होंने इस शैली में काम किया है।



## भोजपुरी

## सुसाइड या मर्डर के बीच उलझी भोजपुरी एक्ट्रेस अमृता पांडेय की मौत की गुत्थी

भोजपुरी अभिनेत्री अमृता पांडे की बीते हफ्ते मौत हो गई थी। अमृता का शव फ्लैट में मिलने के बाद इलाके में सनसनी मच गई। मौत के बाद शुरू से ही आत्महत्या की बात कही जा रही थी। लेकिन अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि अमृता ने सुसाइड नहीं किया था, बल्कि गला दबाकर उनकी हत्या की गई थी। वहीं एफएसएल की रिपोर्ट में आत्महत्या का दावा किया गया है। ऐसे में पुलिस के लिए यह गुत्थी और उलझती जा रही है। रिपोर्ट की मानें तो अब पुलिस उन डाक्टरों से दोबारा बातचीत करना चाहती है जिन्होंने अमृता का पोस्टमार्टम किया था। चिट्ठी के जरिए डॉक्टरों से अलग-अलग सवाल पूछे जाएंगे, इस दौरान अगर फिर कोई नई जानकारी सामने आती है तो इसके आधार पर पुलिस जांच आगे बढ़ाएगी। वहीं इस मामले में भागलपुर के एसएसपी आनंद कुमार का कहना है कि एफएसएल और पोस्टमार्टम रिपोर्ट दोनों सामने आ चुकी हैं। लेकिन दोनों रिपोर्ट में फर्क है।



एक रिपोर्ट में आत्महत्या बताई गई है वहीं दूसरे में गला दबाकर हत्या करने की बात कही जा रही है। इस मामले के हर पहलू से जांच के लिए फॉरेंसिक साइंस के एचओडी से पैनल बनाकर जांच के लिए आग्रह किया गया है। पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुटी है।




कोलाज का जादू

एडवर्ड कनारेकी एक नौजवान पोलिश कोलाज कलाकार हैं। एडवर्ड की खासियत फोटोग्राफी के माध्यम से अद्भुत कोलाज रचते हैं। गर्मी के इस मौसम में एडवर्ड ने कुछ मॉडल के साथ पानी दृश्य संयोजन किया है। अपने कलात्मक काम के माध्यम से एडवर्ड फैशन पर एक अद्वितीय दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसलिए उनकी हर कृति सराही जाती है।

# पतले होठों पर लिपस्टिक लगाने का सही तरीका



सदियों से महिलाएं अपनी खूबसूरती में चार चांद लगाने के लिए मेकअप का इस्तेमाल करती हैं। खासतौर पर वो महिलाएं जो घर से बाहर काम करने जाती हैं, वो अपनी खूबसूरती और आत्मविश्वास को और ज्यादा बढ़ाने के लिए मेकअप का इस्तेमाल करती हैं।

पहले के समय में तो लिपस्टिक के लिमिटेड रंग ही देखने को मिलते थे, लेकिन आज के समय में आप अपनी स्किन टोन, लिप टाइप के हिसाब से लिपस्टिक खरीद सकती हैं। बहुत सी महिलाओं के होंठ काफी पतले होते हैं, ऐसे में उन्हें लिपस्टिक लगाते समय काफी सोचना पड़ता है।

महिलाओं की इसी परेशानी को देखते हुए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी ट्रिक्स बताएंगे जो पतले होंठों पर लिपस्टिक लगाने में काफी मदद करेंगी। इन टिप्स को अपनाने के बाद आपके होंठ और भी ज्यादा खूबसूरत लगेंगे। तो चलिए देर न करते हुए आपको इन टिप्स के बारे में बताते हैं।

**रंग हो सही:** लिपस्टिक लगाते समय उसके रंग का खास ध्यान रखें। अक्सर देखा जाता है कि जो गहरे रंग होते हैं, उनके इस्तेमाल से होंठ पतले लगते हैं। ऐसे में आप गहरे रंगों को छोड़कर पीच, बेरी और न्यूड रंग का इस्तेमाल कर सकती हैं।

**लिप ग्लॉस है जरूरी:** अपने होंठों को फिलर दिखाने के लिए लिपस्टिक के साथ लिप ग्लॉस का इस्तेमाल अवश्य करें। इसके लिए आपको बाजार में अच्छी क्वालिटी के न्यूड या पीच रंग का लिप ग्लॉस आसानी से मिल जाएगा।

**लिप लाइनर जरूर लगाएं:** लिपस्टिक को सही आकार देने के लिए सबसे पहले लिप लाइनर का ही इस्तेमाल करें। इसे लगाते वक्त ध्यान रखें कि इसकी मदद से आपको बस होंठों को आकार देना है। अगर आप इसे ज्यादा ऊपर से लगाएंगी, तो आपके होंठ खराब भी दिख सकते हैं।

**मैट लिपस्टिक से बनाएं दूरी:** अगर आपके होंठ पतले हैं तो मैट लिपस्टिक का इस्तेमाल न करें। मैट की बजाए आपको ग्लॉसी लिपस्टिक का इस्तेमाल करना ज्यादा सही रहेगा।

## मदर्स डे पर मम्मी को तोहफे में देनी है साड़ी तो हाजिर है लेटेस्ट डिजाइन




मदर्स डे का दिन हर किसी के लिए बेहद खास होता है। ये ऐसा दिन है, जब आप अपनी मां को उनके खास होने का एहसास करा सकते हैं। मदर्स डे का दिन मई महीने के दूसरे रविवार को मनाया जाता है। इस साल ये दिन मई का दूसरा रविवार 12 मई को है। इसी के चलते लोगों ने ये सोचना शुरू कर दिया है कि वो अपनी मां को किस तरह से खास फील कराएंगे। अगर आप अपनी मम्मी को कुछ तोहफा देने का सोच रहे हैं, लेकिन संशय में हैं कि क्या दें तो साड़ी एक बेहतरीन विकल्प है।

दरअसल, ज्यादातर महिलाओं को साड़ी पहनना पसंद होता है। ऐसे में आज के लेख में हम आपको कुछ ऐसी अभिनेत्रियों के साड़ी लुक्स दिखाने जा रहे हैं, जिनसे टिप्स लेकर आप साड़ी खरीद सकते हैं। अगर आप ऐसी साड़ी लेकर अपनी मम्मी को तोहफा देंगी, तो वो ये देखकर जरूर खुश होंगी।



**रानी मुखर्जी:** अगर आप हल्के फैब्रिक की साड़ी अपनी मां को तोहफे में देना चाहते हैं, तो ऐसी ब्लैक और रेड रंग की शिफॉन फैब्रिक की साड़ी एक बेहतर विकल्प है। ये काफी हल्की होती है, ऐसे में गर्मी के मौसम में आपकी मां इसे आसानी से कैरी कर सकेंगी।

**हेमा मालिनी:** अगर आपकी मम्मी को बॉर्डर वाली साड़ी पसंद है तो आप इस तरह की साड़ी खरीद सकते हैं। ऐसी साड़ी आपको आसानी से बाजार में मिल जाएगी। आप चाहें तो इसके साथ पहनने के लिए आप उन्हें आर्टिफिशियल ज्वेलरी भी तोहफे में दे सकते हैं।

**नीना गुप्ता:** बहुत सी महिलाओं को हल्के रंग काफी पसंद होते हैं। ऐसे में आप चाहें तो उन्हें ऐसी साड़ी दे सकते हैं। इस साड़ी के साथ आप अपनी मम्मी को ऑक्सीडाइज ज्वेलरी भी तोहफे में दे सकते हैं।

**विद्या बालन:** बहुत सी महिलाओं को सिल्क की साड़ी पहनना पसंद होता है, ऐसे में आप उन्हें विद्या बालन के जैसी सिल्क की साड़ी तोहफे में दे सकते हैं। ऐसी हैवी पल्लु वाली साड़ी देखने में काफी प्यारी लगेगी।

**भाग्यश्री:** अगर आपकी मम्मी को अलग तरह की साड़ी पहनना पसंद है तो ऐसी फ्रिल वाली साड़ी उनके लिए एक परफेक्ट विकल्प है। वो ऐसी साड़ी किसी शादी-विवाह में भी कैरी कर सकती हैं।

## त्वचा की केयर करने के लिए इन नेचुरल चीजों का करें इस्तेमाल



स्किन की केयर करने के लिए महिलाएं कई सारे प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं लेकिन ये प्रोडक्ट्स काफी महंगे होते हैं जिसकी वजह से खर्च काफी बढ़ जाता हैं। वहीं अगर कम दाम में स्किन की केयर चाहती हैं तो आप इन नेचुरल चीजों को त्वचा की केयर करने के लिए इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं इन नेचुरल चीजों का इस्तेमाल करें से जहां चेहरा ग्लो करेगा तो वहीं स्किन से जुड़ी समस्या भी कम हो सकती है।

**हल्दी:** त्वचा की करने के लिए आप हल्दी का इस्तेमाल कर सकती हैं। हल्दी कई सारे गुण होते हैं साथ ही इसमें औषधीय गुण भी हैं जो त्वचा की केयर करने के लिए फायदेमंद साबित हैं। हल्दी का इस्तेमाल करने से जहां चेहरे पर ग्लो आता हैं तो वहीं हल्दी स्किन की प्रोब्लेम्स को भी कम करती है। हल्दी को आप बेसन और दही के साथ इस्तेमाल कर सकती हैं।

**इस तरह करें इस्तेमाल:** बेसन और दही में थोड़ी-हल्दी मिला लें। इस पेस्ट को त्वचा पर अप्लाई करें। पेस्ट सूख जाने के बाद इसे ठंडे पानी से धो लें। इसके बाद चेहरे को मॉइस्चराइज कर लें। इस उपाय को हफ्ते में 2 से 3 दिन करें।

**कच्चा दूध:** कच्चा दूध भी स्किन के लिए इस्तेमाल किया जा सकता हैं।कच्चे दूध में प्रोटीन, विटामिन्स, मिनरल्स और फैटी एसिड्स होता हैं और ये सभी गुण से त्वचा में कसाव आता है साथ ही कच्चा चे दूध मॉइश्चराइजर की तरह भी इस्तेमाल किया जा सकता है। वहीं कच्चा दूध टैनिंग को कम करने में मददगार है।

## मिरर वर्क आउटफिट को समर वेडिंग में करें स्टाइल, देखें लेटेस्ट डिजाइन



शादियों का सीजन शुरू होते ही लोगों की शॉपिंग शुरू हो जाती है। कोई अपने लिए लहंगा खरीदता है, तो किसी को साड़ी खरीदना काफी पसंद होता है। हम अक्सर वहीं डिजाइन को खरीदते हैं, जो सबसे ज्यादा ट्रेंड में होते हैं। अगर आपको भी ट्रेंड फॉलो करना पसंद है तो इसके लिए आप इस बार शादी में मिरर वर्क आउटफिट को स्टाइल करें। इसमें लुक काफी अच्छा और यूनिक लगेगा। चलिए आपको बताते हैं किस तरह के डिजाइनर कपड़ों को आप स्टाइल कर सकती हैं।


**मिरर वर्क इंडो वेस्टर्न आउटफिट :** शादी में पहनने के लिए कुछ नया ट्राई कर सकती हैं। इस बार आप लहंगा या साड़ी की जगह इंडो-वेस्टर्न आउटफिट को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के आउटफिट दिखने में काफी क्लासी लगते हैं। लेकिन पहनने के बाद परफेक्ट लुक देते हैं। आप इस तरह के आउटफिट के साथ अगर नेट की श्रग स्टाइल जैकेट को वियर करेंगी, तो इससे लुक और भी अच्छा लगेगा। इस तरह के आउटफिट आपको मार्केट में 1000 रुपये से 2000 रुपये में मिल जाएंगे।


कार्नर न्यूज

## साल 2024 पर हेयर स्टाइल की दुनिया में आया है लेटेस्ट फैशन

# मेंस के लिए हॉट और ट्रेंडिंग हेयर स्टाइल , लोग करेंगे तारीफ

*पुरुषों के हेयर स्टाइल की दुनिया विकसित हो रही है, नए और रोमांचक रुझान सामने ला रही है। चाहे आप क्लासिक लुक का लक्ष्य रख रहे हों या कुछ बोल्ड और समकालीन, इस साल पुरुषों के लिए हेयर स्टाइल विविध प्रकार के विकल्प प्रदान करते हैं। इस साल 2024 में पुरुषों के लिए ट्रेंडिंग और हॉट हेयर स्टाइल आपको जानना जरूरी है।*





### मेस्सी क्विफ

जो लोग थोड़ा अलग लुक पसंद करते हैं, उनके लिए मेस्सी क्विफ ही सही डिजाइन है। यह शैली पॉलिश और कैजुअल के बीच सही संतुलन बनाती है, जो इसे औपचारिक और कैजुअल दोनों अवसरों के लिए उपयुक्त बनाती है। इसके लिए अंडाकार , गोल या चौकोर चेहरा और हर प्रकार के बाल सही है।

### मिड लेंथ वेव्स

मध्य-लंबाई वाली वेव्स के साथ अपनी प्राकृतिक बनावट को अपनाएं, एक प्रवृत्ति जिसने 2023 में गति पकड़ी और 2024 में भी फल-फूल रही है। यह हेयरस्टाइल एक शांत, समुद्र तट जैसा माहौल देती है जो आधुनिक दौर के पुरुषों के लिए एकदम सही है।इसके लिए अंडाकार , गोलाकार या दिल के आकार का चेहरा और प्राकृतिक रूप से लहरदार या घुंघराले बाल उचित है।

### लड़कों के लिए आधुनिक पोम्पडौर

आधुनिक मोड़ के साथ एक कालातीत क्लासिक, पोम्पडॉर पुरुषों के बाल फैशन में एक प्रमुख पहचान बना हुआ है। 2024 में, बनावट वाले टॉप और फीके किनारों के साथ विविधताएं देखने की उम्मीद है, जो इस प्रतिष्ठित शैली में एक आकर्षक खिंचाव जोड़ देगा। इसमें चेहरे का आकार अंडाकार या चौकोर ठीक रहेगा। घने और सीधे बाल इस डिजाइन के लिए सही है।

### टैक्चर्ड क्रॉप

टैक्चर्ड क्रॉप डिजाइन युवाओं में लगातार लोकप्रियता हासिल कर रही है, जो कम रखरखाव के बावजूद स्टाइलिश विकल्प प्रदान करती है। अपनी छोटी लंबाई और बनावट वाले शीर्ष के साथ, यह हेयरकट एक आकस्मिक और सहजता से शांत सौंदर्य को दर्शाता है। इसके लिए चेहरे का आकार अंडाकार या गोलाकार हो और सीधे, मोटे और लहरदार बाल पर यह डिजाइन खिलती है।

### लिक साइड पार्ट

2024 में स्लिक साइड पार्ट डिजाइन लोकप्रियता के साथ एक आकर्षक बदलाव के साथ हमारे सामने है। यह डिजाइन उन लोगों के लिए आदर्श है, जो परिष्कृत और क्लासिक लुक पसंद करते हैं। स्लिक साइड पार्ट विभिन्न प्रकार के बालों और चेहरे के आकार के लिए उपयुक्त है। विशेषकर अंडाकार या चौकोर चेहरा होना चाहिए और हर प्रकार के बालों पर यह डिजाइन उभर कर सामने आती है।

### डिज़ाइन के साथ बज़ कट

बोल्ड और साहसी लोगों के लिए, बज़ कट को रचनात्मक डिज़ाइन और पैटर्न के साथ अपग्रेड किया गया है। यह प्रवृत्ति आत्म-अभिव्यक्ति की अनुमति देती है। एक साधारण कट को एक अद्वितीय और आकर्षक रूप में बदल देती है। यह डिजाइन किसी भी प्रकार के चेहरे और किसी भी प्रकार के बाल पर बनवाई जा सकती है।

### टैपर्ड फेड

लेटेस्ट फैशन के सर्वोत्तम संयोजन से, शीर्ष पर लंबाई के साथ टैपर्ड फेड स्टाइल में आपकी बहुमुखी प्रतिभा को उभारते हुए एक चमकदार मौजूदगी प्रदान करता है। यह हेयरकट विभिन्न प्राथमिकताओं के अनुरूप है और इसे आसानी से डिजाइन किया जा सकता है। इसके लिए अंडाकार , चौकोर या डायमंड के आकार के चेहरे और किसी भी प्रकार के बालों पर खिलते हैं।